आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंममम !!

वर्ष-11 । अंक 138 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 23 मई, 2025



# राष्ट्रपति ने जांबाज सैनिकों को प्रदान दिए वीरता पुरस्कार

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहादुरी, साहस और बलिदान का परिचय देने वाले जांबाज सैनिकों को शौर्य चक्र और अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-प्रथम के दौरान देश के जांबाज सैनिकों को शौर्य चक्र और अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। यह सम्मान उन सैन्यकर्मियों को प्रदान किए गए जिन्होंने अत्यंत बहादुरी, साहस और बलिदान का परिचय दिया।

समारोह का आयोजन राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। इस गरिमामय अवसर पर देश ने अपने उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि और सम्मान दिया, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी या असाधारण साहस का परिचय दिया। समारोह देश की सैन्य परंपरा और वीरता के प्रति सम्मान का प्रतीक बना।

**इनको मिले शौर्य चक्रः** शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन जेफरी, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर हमिंगचुल्लो, जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ का नाम शामिल है।

### मेजर आशीष ढोंचक व सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत सम्मान

इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी।

### इन वीर सैनिकों को भी किया सम्मानित

इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम और आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को भी राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

---

### प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की सीमा के नजदीक देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया

# PM बोले- हमारी सेना PAK को घुटनों पर लाई अब मोदी की नसों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा

**एजेंसी ● बीकानेर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर के पलाना में हुई सभा में साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा- आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमारी सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। मोदी ने कहा- पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर पर कविता भी सुनाई।

इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की सीमा के नजदीक देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही 26 हजार करोड़ रुपए के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। बीकानेर के नाल एयरबेस से मोदी सीधे करणी माता के मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। यहां से पलाना गांव में जनसभा करने पहुंचे।

### घुटने टेकने पर मजबूर किया

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।



### 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए

पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है? पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीर भूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है।

### आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा, हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे।

### कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता

पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

### हर आतंकी हमले की कीमत चुकाएगा

भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा, ये भारत का संकल्प है। दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

### रहीमयार खान एयरबेस आईसीयू में

मैं बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरा। पाकिस्तान ने इसे भी निशाना बनाने की कोशिश की थी। वो इस एयरबेस को रत्तीभर नुकसान नहीं पहुंचा पाया। यहां से कुछ दूरी पर पाकिस्तान का रहीमयार खान एयरबेस है। वह ICU में पड़ा है। विकसित भारत के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरूरी है, यह तभी संभव है जब भारत का कोना-कोना मजबूत होगा।

# हाईकोर्ट में 27 बार सुनवाई टली, सुप्रीम कोर्ट से जमानत

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार- केस इतनी बार क्यों टाला, यह निजी आजादी का मामला

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

इलाहाबाद हाई कोर्ट की ओर से एक व्यक्ति की जमानत याचिका 27 बार टाले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नाराजगी जताई। यह मामला ठगी केस से जुड़ा है, जिसकी जांच CBI कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना और आरोपी लक्ष्य तंवर को जमानत दे दी।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बी.आर. गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा;- जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल हो और वह चार साल से जेल में हो, तो कोर्ट को याचिका लटकाकर नहीं रखनी चाहिए।

दरअसल, लक्ष्य पर IPC की कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है, जिनमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश शामिल हैं। इसके अलावा, एंटी करप्शन लॉ की धाराएं 13(1)(d) और 13(2) भी उन पर लगाई गई हैं।

याचिकाकर्ता लक्ष्य तंवर के वकील राजा चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उनका क्लाइंट तीन साल, आठ महीने और 24 दिन से जेल में हैं। इतना ही नहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज के दिन (22 मई) भी सुनवाई होनी थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 20 मार्च को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी थी और ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह जल्द से जल्द मुकदमे की कार्यवाही पूरी करे, फिर जमानत याचिका पर दोबारा विचार होगा।

हाईकोर्ट ने आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज 33 मामलों का हवाला देते हुए सख्त रुख अपनाया था। साथ ही CBI को निर्देश दिया था कि शिकायतकर्ता संजय कुमार यादव की गवाही उसी दिन कराई जाए और उसकी जिरह भी पूरी की जाए, ताकि देरी न हो।

CBI ने जमानत याचिका का विरोध किया CBI की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजा ठाकरे ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी पर 33 मामलों में आरोप हैं। इस पर वकील राजा चौधरी ने जवाब दिया कि इनमें से 27 मामले गिरफ्तारी के बाद दर्ज हुए और इनमें भी उन्हें जमानत मिल चुकी है।

---

### मुख्यमंत्री ने किया सिवनी मालवा में 97.07 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 102.94 करोड़ के कार्यों का भूमि-पूजन

# नर्मदापुरम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदापुरम जिले की भूमि उपजाऊ एवं समृद्ध है, यहां कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए शासन कृत-संकल्प है। नर्मदापुरम के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। आने वाले समय में नर्मदापुरम औद्योगिक रूप से विकसित जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को सिवनी मालवा में 97.07 करोड़ के 31 कार्यों का लोकार्पण एवं 102.94 करोड के 48 कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम जिला ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हमारे देश की पहचान कृषि से होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रमिक सभी वर्ग के लिए योजनाऐं बनाई हैं। मध्यप्रदेश शासन भी गरीब वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को परास्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति जियो और जीने दो



पर आधारित है। पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश देश के मध्य में है इसलिए हमारी जवाबदेही और जिम्मेदारी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने इस बार 2600 रूपए प्रति क्विंटल के मान से किसानों से गेहूं खरीदा है। आने वाले समय में हम 05 लाख के सोलर पंप पर 90 प्रतिशत अनुदान देंगे। सोलर पंप में जो मीटर लगेगा उससे किसानों को निःशुल्क में बिजली मिलेगी और आने वाले समय में सरकार किसानों से बिजली भी खरीदेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 26 मई को नरसिंहपुर जिले में किसान उद्योग समागम मेले का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस मेले में अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। आने वाले समय में रीवा सतना और चंबल में भी ऐसे ही मेले आयोजित किये जाऐंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन ने हर खेत में सिंचाई के लिये पानी पहुचाने का संकल्प लिया है। पहले प्रदेश के 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा थी जिसे बढ़ाकर 55 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित कर ली गई है। आने वाले समय में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड रही है। नर्मदापुरम जिले के हॉकी खिलाडी विवेक सागर को ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने पर एक करोड की प्रोत्साहन राशि दी गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा वर्गों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 01 लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जाएगी। साथ ही आगामी 5 वर्षों में ढाई लाख सरकारी पद भरे जाऐंगे। उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सबसे बेहतर आया है। इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक अभिनव गोपालक योजना प्रारंभ की जाएगी। जो किसान 200 गिर गाय खरीदेंगे उन्हें 25 प्रतिशत तक की अनुदान राशि दी जाएगी। किसानों से दूध खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य परिवहन निगम की बसें गांव गांव तक जाऐंगी। उन्होने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब आयुष्मान कार्ड धारी गंभीर मरीजों को चिकित्सालय पहुंचाने के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट को अयोध्या की तरह ही भव्य बनाया जाएगा और जहां भगवान श्री राम के चरण पड़े हैं उन मार्गो पर तीर्थ स्थान बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित किये।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नरसिंहपुर-होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं महिलाऐं उपस्थित रहीं।

## जय बजरंगबली... आम्र वाटिका में विराजे महावीर, श्रद्धालुओं को दिए दर्शन...



शहर के सुभाष चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर में हनुमानजी का आमों से श्रृंगार किया गया। महावीर बजरंगबली ने आम्र वाटिका में विराजत होकर भक्तों को दर्शन दिए। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की ईवी सेगमेंट में आक्रामक रणनीति निरंतर है जारी

# एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को किया लॉन्च

**संवाददाता ● गुरुग्राम**

**लॉन्च**

भारतीय ईवी सेक्टर में अपनी गति को निरंतर बनाए रखते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को पेश किया है, इससे कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का और विस्तार हुआ है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट 17,24,800 रुपए की एक्स-शोरूम कीमत और 12.24L रुपए +4.5 रुपए/किमी की BaaS कीमत पर उपलब्ध होगी। आज यानी मंगलवार से ही, ग्राहक अपने निकटतम एमजी डीलरशिप पर 11,000 रुपए का भुगतान कर इस कार को बुक कर सकते हैं।

इस वेरिएंट की डिलीवरी जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी. लग्जरी और व्यावहारिकता को एक साथ मिलाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। विलासिता और व्यावहारिकता को एक साथ



लाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़ी बैटरी पैक प्रदान करता है।

इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, राकेश सेन, बिक्री प्रमुख, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, "एमजी विंडसर प्रो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया सराहनीय है, क्योंकि इसके लॉन्च के 24 घटों के भीतर 8,000 से ज्यादा बुकिंग हो गई है। टॉप वेरिएंट के बाजार में स्थापित होने के साथ, हम एमजी विंडसर की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट पेश कर रहे हैं, जो प्रीमियम आराम और सुविधा के साथ एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। इस कदम का उद्देश्य एमजी विंडसर प्रो को और अधिक ग्राहकों के करीब लाना है।

एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो में फ्यूचरिस्टिक एयरोग्लाइड डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है और यह एमजी के ग्लोबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जो अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध है। नया इंटीरियर्स आलीशान है, और रिक्लाइनेबल (135 डिग्री तक) एयरो लाउंज सीट हर यात्रा को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। इसकी इमर्सिव तकनीक, जो i-SMART # द्वारा संचालित है, जिसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स, 100 से ज्यादा एआई आधारित वॉयस कमांड और मनोरंजन फीचर्स शामिल हैं, सेंट्रल कंसोल में एक विशाल 15.6 इंच ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले द्वारा संचालित है, जिसमें नौ स्पीकर्स लगे हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को आजीवन बैटरी गारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, कंपनी एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 सुनिश्चित बायबैक प्लान का भी विस्तार करेगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि 3 साल के बाद कार मालिक को 60 प्रतिशत मूल्य वापस मिलेगा।

## लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने भारतीय घरों के लिए किफायती और अत्यधिक सुरक्षित मुख्य दरवाजे का लॉक 'ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट' लॉन्च किया

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) की इकाई लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशन्स ने आज अपने ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की, जो भारतीय परिवारों के लिए उच्च सुरक्षा वाले मुख्य दरवाज़े के लॉक को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह लॉक विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो पारंपरिक पैडलॉक या साधारण दरवाज़ा हार्डवेयर से अपग्रेड करना चाहते हैं। गोदरेज की विश्वसनीयता, मजबूती और नवाचार को अब एक कॉम्पैक्ट, स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली डिज़ाइन में प्रस्तुत किया गया है। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ तीन वेरिएंट्स — 1CK लैचबोल्ट, 1CK डेडबोल्ट, और 2C डेडबोल्ट के साथ ही दो आकर्षक फिनिश में टेक्सचर्ड ब्लैक, और टेक्सचर्ड ब्राउन में उपलब्ध है। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ कार्यक्षमता और डिज़ाइन का ऐसा संयोजन है जो भारतीय घरों की बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती है।

लॉन्च के अवसर पर गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के बिजनेस हेड श्री श्याम मोटवानी ने कहा, "हमारा मानना है कि सुरक्षा किसी खास वर्ग का अधिकार नहीं, बल्कि हर परिवार का मूलभूत अधिकार होना चाहिए। एक सुविधा नहीं, बल्कि एक मानक होनी चाहिए। ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट को खासतौर पर भारतीय घरों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि ताकत, सरलता और सुविधा का आदर्श संतुलन बना रहे। यह परिवारों को बिना बजट पर बोझ डाले सुरक्षित महसूस कराने में सक्षम बनाता है। इसकी उपयोग में आसान डिज़ाइन और मजबूती यह दर्शाती है कि भरोसेमंद सुरक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। इस सोच को साकार करते हुए ट्राइबोल्ट कॉम्पैक्ट सीरीज़ कई व्यावहारिक और सुरक्षा-उन्मुख विशेषताओं के साथ आती है।

## शॉर्ट न्यूज

### कार का कांच तोड़कर सवा दो लाख से भरा बैग उड़ाया

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के गेट पर एक कार का कांच फोड़ कर बदमाश पर्स चुराकर ले गया। घटना बुधवार शाम 5:20 बजे की है। फरियादी रूपाली पति महेंद्र जैन 48 साल निवासी हाय लिंक सिटी एरोड्रम ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी कार मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर 2 पर खड़ी की। ड्राइविंग सीट के पास पर्स रखा था जिसमें सवा दो लाख रुपए नकद 3 एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड रखा था। कॉलेज से आवश्यक कार्य निपटाकर कुछ देर बाद कार्य के पास पहुंची तो कांच टूटा हुआ था और अंदर रखा पर्स गायब था। घटना की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस मेडिकल कॉलेज और आसपास के सीसीटीवी के फुटेज चेक कर रही है ताकि फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ा जा सके। फिलहाल पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

### फ्लैट पर चल रहा था क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा , छह गिरफ्तार

**इंदौर।** जूनी इंदौर पुलिस ने बीती रात एक फ्लैट पर छापा मार कर आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खाते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खातीवाला टैंक स्थित मीनाक्षी पैलेस के एक फ्लैट में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खाया जा रहा है। पुलिस ने छापा मारा तो आरोपियों में हड़कंप मच गया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह यादव के मुताबिक आरोपियों के नाम अजय पिता दिनेश यादव 24 साल रवि राज पिता तेजपाल चौहान 19 साल लोकेंद्र पिता सुरेश यादव 22 साल शक्ति राज पिता रामपाल तोमर 23 साल लकी सिंह पिता प्रवीण सिंह चौहान 25 साल और प्रेम सागर पिता मनोहर 20 साल सभी निवासी मीनाक्षी पैलेस को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 17 मोबाइल फोन 5 लैपटॉप और लाखों रुपए के हिसाब किताब का रजिस्टर बरामद किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस

## वेदांता के हिंदुस्तान ज़िंक ने उदयपुर में मगरमच्छ संरक्षण रिज़र्व के लिए साईन किया एमओयू

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर भारत की एक मात्र महत्वपूर्ण खनिज, उर्जा रूपान्तरण, धातु, विद्युत, तेल एवं गैस और टेक्नोलॉजी कंपनी वेदांता लिमिटेड (एनएसईः वीईडीएल) ने जैव विविधता के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी की राजस्थान स्थित सब्सिडरी हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने बाघदर्रा मगरमच्छ संरक्षण रिज़र्व के पुनरुत्थान के लिए उदयपुर के वन विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रु 5 करोड़ के निवेश के साथ यह पहल पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य 400 हैक्टेयर में फैले इस रिज़र्व को दलदली मगरमच्छों के लिए अनुकूल आवास में बदलना है।

राजस्थान के उदयपुर में कलड़वास ग्राम पंचायत स्थित बाघदर्रा संरक्षण रिज़र्व में पक्षियों की 200 प्रजातियां रहती हैं, यह बारहमासी झील के आस-पास केन्द्रित जैविक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। वेदांता की बहुआयामी विकास योजनाओं में संरक्षण, बुनियादी सुविधाओं एवं सामुदायिक गतिविधियों की व्यापक रेंज शामिल है। यह पहल वृक्षारोपण, जल संरक्षण संरचनाओं जैसे चैक डैम एवं तालाब और इको-सेंसिटिव विज़िटर ज़ोन (जैसे पैदल चलने का रास्ता, आश्रय और शैक्षणिक प्रदर्शनियों) के माध्यम से मगरमच्छों के प्राकृतिक आवास की बहाली के लिए काम करेगी। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 15 (धरती पर जीवन) तथा इस साल की थीम 'प्रकृति एवं स्थायी विकास के साथ तालमेल' के अनुरूप है। वेदांता अपनी प्रमुख पशु कल्याण परियोजना, द एनिमल केयर ओर्गेनाइज़ेशन के माध्यम से वन्यजीवन को सुरक्षित रखने में अग्रणी रही है। 24/7 वैटेरीनेरी अस्पताल, त्यागे गए एवं आवारा पशुओं के लिए आश्रय, हरियाणा के फरीदाबाद में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के साथ यह संगठन पशुओं के लिए आधुनिक हेल्थकेयर, निवारक देखभाल, एक बंध्यीकरण प्रोग्राम (स्पाय एण्ड न्यूटर प्रोग्राम), नैदानिक एवं मोबाइल एमरजेन्सी देखभाल उपलब्ध कराता है। द एनिमल केयर ओर्गेनाइज़ेशन की वन्यजीवन संरक्षण पहल, 'मिशन वनरक्षा' के तहत एक सींग वाले राईनो (गैंडे) के संरक्षण के लिए काज़ीरंगा नेशनल पार्क तथा राजस्थान में रणथंबौर नेशनल पार्क और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व के साथ भी साझेदारी की गई है। ये साझेदारियां अवैध शिकार-रोधी शिविरों, निगरानी वाहनों की तैनाती तथा फ्रंटलाईन कर्मचारियों के लिए ड्वेलिंग युनिट्स के प्रावधान के द्वारा संरक्षण के प्रयासों को सशक्त बनाती हैं।

## देश के एमएसएमई वाणिज्यिक ऋण पोर्टफोलियो के आधार पर 13% की वृद्धि

### जबकि कुल चूक दर घटकर पांच साल के निचले स्तर पर

**एजेंसी ● मुंबई**

भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के वाणिज्यिक क्रेडिट पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष (YoY) 13% की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे कुल क्रेडिट एक्सपोजर 31 मार्च 2025 तक 35.2 लाख करोड़ तक पहुँच गया। यह प्रवृत्ति मुख्य रूप से मौजूदा उधारकर्ताओं को ऋण आपूर्ति में वृद्धि के कारण देखने को मिली, ऐसा ट्रांसयूनियन सिबिल और सिडबी की मई 2025 की MSME पल्स रिपोर्ट में कहा गया है। एमएसएमई क्षेत्र में वे उधारकर्ता शामिल हैं जिनका क्रेडिट एक्सपोजर 50 करोड़ तक होता है।

समग्र ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि के साथ-साथ बैलेंस-लेवल गंभीर चूक (90 से 720 दिन की बकाया राशि (डीपीडी) के रूप में मापी गई और 'सब-स्टैंडर्ड' के रूप में रिपोर्ट की गई) में सुधार हुआ, जो कि पिछले पाँच वर्षों में सबसे निचला स्तर है।

क्रेडिट प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, बैलेंस-लेवल डिलिंक्वेंसी में गिरावट दर्ज कुल एमएसएमई बैलेंस-लेवल डिलिंक्वेंसी मार्च 2025 में घटकर 1.8% हो गई, जो मार्च 2024 में 2.1% थी — यानी 35 बेसिस प्वाइंट की गिरावट। इस सुधार का प्रमुख कारण 50 लाख से 50 करोड़ के एक्सपोजर वाले उधारकर्ता वर्ग में सुधार रहा।

हालांकि, 10 लाख तक के एक्सपोजर वाले उधारकर्ता वर्ग में डिलिंक्वेंसी में हल्की वृद्धि देखी गई, जो मार्च 2024 में 5.1% थी और मार्च 2025 में बढ़कर 5.8% हो गई। इसी तरह, 10 लाख से 50 लाख तक के एक्सपोजर वाले उधारकर्ताओं की श्रेणी में भी डिलिंक्वेंसी स्तर थोड़ा बढ़कर 2.9% हो गया, जो मार्च 2024 में 2.8% था।

**एमएसएमई क्रेडिट ग्रोथ की गति बनी हुई है मजबूत**

वाणिज्यिक क्रेडिट की मांग, जिसे पूछताछों की संख्या के आधार पर मापा जाता है, मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 11% बढ़ी। वाणिज्यिक क्रेडिट की आपूर्ति (मूल्य के अनुसार) वित्त वर्ष 2024-25 में 3% बढ़ी। हालांकि, जनवरी से मार्च 2025 की तिमाही में क्रेडिट की आपूर्ति में 11% की गिरावट देखी गई, जिसका संभावित कारण बाहरी चुनौतियों के कारण उधारदाताओं की बढ़ती चिंताएँ रही। इस ऋण वितरण में सुस्ती के बावजूद, नई नकद क्रेडिट सुविधाओं के माध्यम से दिया गया ऋण मजबूत बना रहा और इसी तिमाही में इसमें 7% वृद्धि दर्ज की गई। मार्च 2025 तक कुल नए ऋण वितरणों में न्यू-टू-क्रेडिट) एमएसएमई उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी 47% बनी रही, हालांकि यह एक साल पहले 51% थी। मार्च 2025 में समाप्त तिमाही के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 60% न्यू-टू-क्रेडिट ऋण वितरण किए। व्यापार क्षेत्र ने न्यू-टू-क्रेडिट उधारकर्ताओं में सबसे अधिक योगदान दिया, जो 53% रहा। वहीं, विनिर्माण क्षेत्र में न्यू-टू-क्रेडिट उधारकर्ताओं की संख्या में वाणिज्यिक ऋण प्राप्त करने के मामले में सबसे अधिक 70% की वृद्धि दर्ज की गई।

भोपाल मंडल को मिले दो पुनर्विकसित अत्याधुनिक स्टेशन – सुविधाओं, संस्कृति और सौंदर्य का अनूठा संगम

## प्रधानमंत्री ने किया 100 से अधिक स्टेशनों का लोकार्पण

**संवाददाता ● भोपाल**

मंडल के अंतर्गत आने वाले नर्मदापुरम एवं शाजापुर रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत नए स्वरूप में पुनर्विकसित किया गया है। आज दिनांक 22 मई 2025 को देशभर के 100 से अधिक स्टेशनों के साथ इन दोनों स्टेशनों का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश ने रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की जो गति पकड़ी है, वह अभूतपूर्व है। आज भारत के 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य के छह स्टेशन - कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये स्टेशन केवल यात्री सुविधाओं का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि इन प्रयासों से न केवल पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

अपने ओजस्वी भाषण में प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि "दुनिया ने देखा है जब पवित्र सिंदूर बारूद में बदलता है, तो परिणाम क्या होते हैं।" उन्होंने कहा कि भारत की तीनों सेनाओं को पूरी स्वतंत्रता दी गई है और अब भारत आतंकवाद के हर हमले का जवाब अपने तरीके और समय से देगा। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को भारतीयों के जीवन की कीमत चुकानी पड़ेगी, और यह कीमत उसकी सेना और अर्थव्यवस्था दोनों को भुगतनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नया भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा, और हर हमले का निर्णायक जवाब देगा।

इस अवसर पर नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। माननीय राज्यपाल मध्य प्रदेश श्री मंगूभाई पटेल (वीसी के माध्यम से), माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, माननीय प्रभारी मंत्री नर्मदापुरम श्री राकेश सिंह ,माननीय सांसद (लोकसभा) श्री दर्शन सिंह चौधरी, माननीय सांसद (राज्यसभा) श्रीमती माया नरोलिया, माननीय विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचोरी,माननीय विधायक पिपरिया श्री ठाकुरदास नागवंशी , माननीय विधायक सोहागपुर श्री विजय पाल सिंह , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव , जनपद अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसी एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

**समारोह**

मध्य प्रदेश के कक्षा 12 के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित करने स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यलय (एसजीएसयू) द्वारा मेधावी छात्र सम्मान की पहल की गई है। इसके अंतर्गत गुरुवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि सीएल आर्या हायर सेकंडरी स्कूल मंडीदीप के चेयरमैन एसपी जयसवाल, डायरेक्टर



विनय कुमार सिकरवार, प्रिंसिपल राजेश यादव और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में डायरेक्टर एडमिशन्स डॉ. अनुराग कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण होने वाले 30 छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयो में उभरते अवसरों से अवगत भी कराया गया। इसमें एसजीएसयू में डायरेक्टर एडमिशन्स डॉ. अनुराग कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालय की मेधावी छात्रों को प्रदान की जाने वाली स्कॉलरशिप स्कीम की भी जानकारी दी। वहीं नीरज साहू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के गीक्स ऑफ गुरुकुल के साथ हुई साझेदारी पर जानकारी दी और बताया कि इसके अंतर्गत छात्रों को पूर्व आईआईटीअन्स से पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। कोर्सेज एवं अन्य जानकारियां मुकेश मिश्रा द्वारा छात्रों को प्रदान की गई। गौरतलब है कि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा यह मेधावी छात्र सम्मान समारोह की पहल के तहत दूसरा आयोजन रहा। इससे पहले 14 मई को भी मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया था जिसमें सीएल आर्या हायर सेकंडरी स्कूल कृष्णपुरम के 27 छात्रों का सम्मान किया गया था। इस कार्यक्र में बतौर अतिथि स्कूल के चेयरमैन आरसी जयसवाल एवं अरविंद जयसवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरू डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महापौर ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण

# पाटनीपुरा से मालवा मिल तक पुल बनने से आवागमन होगा सुगम

**संवाददाता ● इंदौर**



इंदौर नगर निगम द्वारा पाटनीपुरा से मालवा मिल चौराहा के मध्य एक नए पुल का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। आज सुबह के समय महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माणाधीन पुल का स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर नगर निगम सभापति मुन्ना लाल यादव, प्रभारी राजेंद्र राठौर, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पुल 30 मीटर चौड़ा और 18 मीटर लंबा होगा, जिसकी निर्माण लागत लगभग 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पुल के निर्माण से पाटनीपुरा और मालवा मिल चौराहा के बीच यातायात अत्यधिक सुगम हो जाएगा, जिससे आमजन को काफी राहत मिलेगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा सुरक्षा उपायों की बारीकी से समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया कि कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए आधुनिक एवं तकनीकी अधोसंरचनाओं के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। पुल निर्माण को इंदौर वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए महापौर ने कहा कि यह परियोजना शहर की बढ़ती ट्रैफिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक अहम पहल है। निगम का उद्देश्य है कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूर्ण हों, ताकि नागरिकों को शीघ्र ही इनका लाभ मिल सके।

**निरीक्षण**

मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई। इसमें सुगम ट्रैफिक के लिए मालवा मिल और पाटनीपुरा चौराहे के बीच पुल बनाया जाएगा। 6 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा। दरअसल इस रोड पर अभी रोजाना ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। इससे राहत मिलेगी। दूसरी मंजूरी नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत तीन जगह पर 417 करोड़ की लागत से एसटीपी बनाने के लिए मिली। इसके अलावा नंदा नगर में 15 करोड़ का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। 17 करोड़ से संपवेल निर्माण की स्वीकृति दी।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में वार्ड 27 में डॉ. बाबा साहब आंबेडकर उद्यान के विकास, सौंदर्यीकरण, 7 साल के लिए पीपीपी के आधार पर एडवरटाइजमेंट राइट देने संबंधी प्रस्ताव रखा गया। ड्रेनेज लाइन डालने संबंधी काम, पुराने सुलभ कॉम्प्लेक्स के स्थान पर सीएसआर मद से पुनर्निर्माण, खेल अनुदान जैसे प्रस्ताव रखे गए। बैठक में निगमायुक्त शिवम वर्मा, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, जीतू यादव, राजेश उदावत, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा मामा, समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख व अन्य उपस्थित थे।

बैठक में लॉलीपॉप विज्ञापन बोर्ड लगाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस पर राजस्व विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान ने आपत्ति दर्ज करवाई। जिसके बाद इसे मंजूरी नहीं दी गई। दरअसल, एक साल पहले ही एजेंसी के साथ अनुबंध खत्म हो चुका है। 15 साल से यही एजेंसी काम कर रही थी। निगम ने फरवरी 2024 में टेंडर बुलवाए। इसमें 11 एजेंसियों ने हिस्सा लिया। टेंडर जारी करने के छह महीने बाद इन्हें खोला गया और 9 एजेंसियों को यह कहते हुए बाहर किया कि वे निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करते।

### नगर निगम के ड्रेनेज एवं जल यंत्रालय में जारी की सार्वजनिक सूचना

## सर्विस सेंटर, मकान बनाने वालों को करना होगा ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल







**संवाददाता ● इंदौर**

शहर में मकान बनाने वाले और सर्विस सेंटरों के साथ ही अन्य ऐसे कारोबारी को अब ट्रीटेड पानी का ही इस्तेमाल करना होगा। यह कारोबारी अब नर्मदा या बोरिंग के पानी का इस्तेमाल करते पाए गए तो इनके सर्विस सेंटर सील कर दिए जाएंगे। नगर निगम के ड्रेनेज एवं जल यंत्रालय ने ऐसी एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर चेतावनी जारी की है। जानकारी अनुसार नगर निगम के ड्रेनेज एवं जल यंत्रालय द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में कहा गया है कि अगर ट्रीट वॉटर का उपयोग नहीं किया गया तो ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर सील कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही मकान निर्माण में बोरवेल का पानी लेने पर अधिग्रहण कर लिया जाएगा। एसटीपी पर ट्रीट होने वाले पानी का उपयोग निगम सार्वजनिक शौचालयों, सड़क के बीच बने डिवाइडर और बगीचों में पौधों को सींचने में कर रहा है।इसके साथ ही शहर में होने वाले समस्त निर्माण कार्यों, मकान निर्माण और ऑटोमोबाइल सर्विस के कार्य में बोरवेल या नर्मदा के पानी का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है ताकि निगम द्वारा शहर में 48 स्थानों पर बनाए गए ट्रीटेड वॉटर के हाईड्रेट से पानी लेकर यह काम किया जा सके। निगम जल यंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग ने सार्वजनिक सूचना जारी कर उक्त स्थानों से ट्रीटेड वॉटर लेकर निर्माण कार्य एवं ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर पर उपयोग करने का कहा है।

चेतावनी दी है कि ट्रीट वॉटर का उपयोग न करने की स्थिति में बोरवेल का अधिग्रहण करने के साथ ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर को सील कर अर्थदंड किया जाएगा। मालूम हो कि शहर में अधिकतर ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर वाले गाड़ी धोने के लिए नर्मदा या फिर बोरवेल का पानी उपयोग करते हैं। इस कारण पानी का दुरुपयोग होता है। इसे रोकने के लिए ही निगम ने ट्रीट वॉटर का उपयोग करने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है।

## शॉर्ट न्यूज

### खेत में जुआ खेलते 8 धराए

**इंदौर।** बड़गोंदा इलाके में पुलिस ने कल देर रात जंगल के एक खेत में दबिश दी। यहां हजारों का जुआ चल रहा था। पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 20 हजार रुपए से ज्यादा जुआ राशि और ताश के पत्ते बरामद किए गए। बड़गोंदा पुलिस के मुताबिक मुखबीर की सूचना पर टीम ने कल रात करीब 11 बजे ग्राम कैलोद के पास जंगल में मनोज जोशी के खेत के पास बनी झोपडी में छापा कार्रवाई की। यहां जुआ खेलते 6 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम संतोष पिता सीताराम माली निवासी कैलोद, कालू पिता मूलचंद सोलंकी निवासी ग्राम बैरछा, प्रकाश पिता कैलाश चौहान , सतीश पिता रामचंदर चौहान, मुकेश पिता श्रीराम चौधरी, विष्णु प्रसाद पिता श्रीराम चोधरी, महेश पिता रामजीलाल वर्मा और राम पिता ओमप्रकाश मालवीय सभी निवासी ग्राम बैरछा हैं। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश पत्ते और नकद 20 हजार 140 रुपए बरामद हुए।

### नाबालिग को पीटा, चाकू से हमला

**इंदौर।** देहात क्षेत्र में दो स्थानों पर ज्यादा तेज चलने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने मारपीट की। चाकू और डंडे से हमला किया गया। हमले में नाबालिग सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक थाना खुड़ैल इलाके में घटना ग्राम दूधिया में नीलगिरी परिसर में हुई। पुलिस ने फरियादी 17 वर्षीय नाबालिग की रिपोर्ट पर आरोपी तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने फरियादी को कहा कि तुम एक व्यक्ति के साथ में रहकर ज्यादा तेज चल रहे हो। इसी बात को लेकर गालियां दी और चाकू से वार कर दिए। जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, थाना सिमरोल पुलिस ने बताया कि विवाद और हमले की घटना ग्राम पठान पिपल्या में राम मंदिर के सामने हुई। घायल का नाम चंदर पिता गणपत भाभर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अजय के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गांव में रहने वाला आरोपी अजय जरिया आया और मुझे बोलने लगा कि तुम लोग बहुत तेज चलते हो।

### महाराजा यशवंतराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण से कार्यक्रम शुरू

## एमवायएच के नए स्वरूप को स्वीकृति पर डॉक्टर-कर्मचारियों ने निकाली रैली

**संवाददाता ● इंदौर**

राजबाड़ा में हुई कैबिनेट मीटिंग मे नए एमवायअस्पताल के बजट पास होने पर डॉक्टर और कर्मचारियों में हर्ष की लहर है। इसके बाद एमवाय अस्पताल के ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम किया गया। इसमें महाराजा यशवंतराव होलकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया।

कार्यक्रम में कर्मचारियों ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, सुपरिटेंडेंट डॉ अशोक यादव की अगुवाई में एक रैली भी निकाली। रैली अस्पताल से नई ओ.पी.डी बिल्डिंग पहुंची, जिसमें कर्मचारियों ने नाच गाकर खुशियां व्यक्त की। साथ ही महाराज यशवंतराव होलकर के जयकारे भी लगाए। डीन डॉ घनघोरिया ने कहा कि हम सभी कर्मचारी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य विधायकों का आभार व्यक्त करते हैं। यह उनकी दूरदर्शिया सोच ही है, जिससे आज प्रदेश को, इन्दौर को एक नये एम वाय अस्पताल बनाने की सौगात मिल गई है।

उन्होने कहा की मुख्यमंत्री जी के इस सपने को हकीकत मे लाने के लिऐ वह जल्दी से जल्दी प्रयास करेंगे। महाराजा यशवंतराव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ डीन डॉ घनघोरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश जब मध्यभारत था, तब इंदौर की



भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनाने की योजना बनी। 1947 में अस्पताल निर्माण की चर्चा शुरू हुई, लेकिन तब इंदौर में अच्छे इंजीनियर या आर्किटेक्ट नहीं मिल पा रहे थे। तब महाराजा यशवंतराव होल्कर ने मगनलाल गिरधारीलाल प्रालि कंपनी से संपर्क किया। कंपनी में इंजीनियर रामचंद्र गुप्ता एक तिहाई के पार्टनर थे। उन्हीं के सामने एमवायएच का खाका खींचने की बात आई। संसाधनों की कमी के चलते उन्होंने रशिया के आर्किटेक्ट से संपर्क किया। 1948 में आर्किटेक्ट इंदौर आए और यहां एक डिनर पार्टी में तय कर दिया कि एमवायएच कैसा बनेगा। तभी महाराजा होलकर ने सरकार के सामने प्रस्ताव रखा कि उनके नाम से अस्पताल बनता है तो वे 35 लाख रुपए की मदद करेंगे। सरकारी नुमाइंदों ने हामी भरी और 1949 में अस्पताल का ठेका 70 लाख रुपए में कंपनी को दिया गया। 6 जून 1948 में शिलान्यास हुआ था। 1953 में अस्पताल बनकर तैयार हुआ था और 23 अक्टूबर 1956 में इसका उद्घाटन हुआ था।

### मास्टर कर्मचारी से 7 हजार रिश्वत लेते ऑफिस सुपरिटेंडेंट पकड़ाया

**संवाददाता ● इंदौर**

निगम मस्टर कर्मचारी को झोनल कार्यालय पर नियुक्ति आदेश पर बहाल करने के एवज में रिश्वत लेते ऑफिस सुपरिटेंडेंट संजय वेद को लोकायुक्त की टीम में रंगेहाथ धर लिया। आरोपी से 7 हजार भी जब्त किए गए हैं। जानकारी अनुसार आवेदक संजय पिता अर्जुन सिंगोलिया 2008 से जुलाई 2024 तक नगर निगम के झोन



नंबर 11, झोन 18 वार्ड नंबर 63 मस्टर ड्रेनेज कर्मी के रूप में कार्य करता रहा। 18 जुलाई 24 को संजय को सिद्धार्थ जैन अपर आयुक्त के आदेश से कार्य मुक्त कर दिया था। बाद में उपायुक्त नगर निगम इंदौर ने 13 मई 2025 को आदेश कर संजय को पुनः झोन 18 में ड्रेनेजकर्मी के रूप में नियुक्त करने का आदेश जारी किया। उक्त आदेश को लेकर झोन क्रमांक 18 पर ऑफिस अधीक्षक संजय वेद से जाकर मिला तो उसने नियुक्ति के बदले 20 हजार रुपए की मांग की। इस पर संजय के निवेदन करने पर 15 हजार रुपए में राजी हो गया। 5 हजार उसी दिन आवेदक से ले लिए और आवेदक से कहा कि जब तक बचे हुए पैसे नहीं दोगे तुम्हें नियुक्ति नहीं दूंगा।

### जिले में अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य शुरू

## जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

**संवाददाता ● इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा पर शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर जिले में जन आन्दोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। ग्रामीणों और समाजसेवियों की भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरूप इन्दौर में जल संचय होगा, जिसका सीधा लाभ आमजन और किसानों को मिलेगा। इसके लिए अभियान के तहत इंदौर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ किये गए हैं। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर में अभियान की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी तालाबों, कुएं और बावड़ियों पर से सारे अतिक्रमण हटाये जाये, जिससे इनमें अधिक से अधिक मात्रा में जल संग्रहण हो।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू कर जल संवर्धन के कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को हम प्रचुर मात्रा में जल संचय भण्डार विरासत में दे सकें।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस कार्य को जन आन्दोलन बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है, इस बात का आह्वान होना चाहिए। ताकि सभी समाजसेवियों इस पुनीत कार्य में महती योगदान दें।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैन ने समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर में ख्याति प्राप्त कर चुका है। वर्तमान में इन्दौर जिले में जल गंगा अभियान के अन्तर्गत 705 खेत तालाब, 1200 डग वेल रिचार्ज, 63 बावड़ी एवं चेकडेम जीर्णोद्धार, 5000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ 12 अमृत सरोवर पर कार्य हो रहा है, जिसमें प्रगति होगी। पिछले वर्ष 2024 में जिले में 101 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया इस बार लक्ष्य बढ़ाकर कार्य किया जा रहा है। इन्दौर जिले के 43 ग्राम पंचायतों में तालाबों का गहरीकरण कार्य किया जा रहा जिससे 2300 कृषकों को लाभ हुआ। मनरेगा योजनान्तर्गत सामुदायिक हितग्राही मूलक पौधारोपण किए गए जिसमें इन्दौर जिले में 3 लाख से अधिक पौधे रोपित किये गए और आने वाले समय में इस वर्ष 10 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य अभियंता, जल संसाधन ने जल गंगा संवर्धन के दौरान बताया कि इन्दौर जिले में 18 वृहद तालाबों पर से अतिक्रमण हटाकर जल संचय करने के लिए योजना तैयार की है।

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में नगरहित विषयों पर अहम बैठक आयोजित

## शहर को सुरक्षित बनाने के लिए सीसीटीवी सर्विलांस कानून किया है तैयार : महापौर

**संवाददाता ● इंदौर**

सिटी बस कार्यालय में जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा सहित सभी अपर आयुक्त मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इंदौर को सोलर सिटी और सुरक्षित शहर के रूप में विकसित करने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। महापौर भार्गव ने बताया कि इंदौर अब "क्लीन और ग्रीन" शहर से आगे बढ़कर "सोलर सिटी" बनने की दिशा में अग्रसर है। आगामी तीन महीनों में जलूद स्थित सोलर पार्क का उद्घाटन प्रस्तावित है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि इंदौर को सुरक्षित बनाने के लिए सीसीटीवी सर्विलांस के लिए कानून तैयार किया गया है। आने वाले समय में यह कानून प्रभाव में लाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनभागीदारी से शहर में कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए जनता की कमेटी और नियंत्रण समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें पुलिस और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस नेता



जीतू पटवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि पटवारी इंदौर की तासीर और जनता की भावना को नहीं समझते। उन्होंने कहा, "जब इंदौर में मुख्यमंत्री और मंत्री आए और मालवी व्यंजन परोसे गए, तो उसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पटवारी खुद मालवी हैं, उन्हें मालवी व्यंजनों की महत्ता समझनी चाहिए।" महापौर ने यह भी कहा कि जीतू पटवारी को मेट्रोपॉलिटिन अथॉरिटी, एमवाय अस्पताल के रेनोवेशन जैसे मुद्दों पर बात करनी चाहिए थी, ना कि तुच्छ राजनीतिक टिप्पणियां करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "कांग्रेस की यह छोटी सोच ही उसे गर्त में ले गई है। जनता अब इन बातों को समझती है और उसने कांग्रेस का हाजमा बिगाड़ कर रख दिया है।

### मोहन सरकार के फैसलों का महापौर ने किया स्वागत

महापौर भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच और विकासशील दृष्टिकोण के कारण इंदौर को मेट्रोपॉलिटिन रीजन अथॉरिटी की सौगात मिली है। इसके साथ ही एमवाय अस्पताल को अत्याधुनिक रुप देने की दिशा में भी कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं। महापौर ने कहा, "ये निर्णय इंदौर को स्वर्णिम इंदौर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और आने वाले वर्षों में शहर की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 23 मई, 2025
www.adityabharat.com



### जलीय जीवों का भी किया जाएगा विशेष प्रबंधन

# बैतूल में ताप्ती-बालाघाट का सोनेवानी बनेगा कंजर्वेशन रिजर्व : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि थलीय जीवों की तरह जलीय जीवों के संरक्षण और उनके प्रबंधन के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएं और आवश्यकता हो, तो इस कार्य के लिए पृथक अधिकारी नियुक्त किया जाए। यह अधिकारी जलीय जीवों की गिनती करें और उनका प्रबंधन भी करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 29 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य एवं बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव, वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य सर्वश्री मोहन नागर, डॉ. नारायण व्यास, डॉ. सुदेश बाघमारे, डॉ. रविचंद्रन सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

**संबोधित**

बैठक में मुख्यमंत्री एवं राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. यादव ने बोर्ड के दो बड़े प्रस्तावों को सर्व सहमति से पारित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल जिले में ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व के गठन को मंजूरी दी। इसके तहत बैतूल जिले के अंतर्गत दक्षिण बैतूल सामान्य वन मंडल के ताप्ती परिक्षेत्र का 84.006 वर्ग किमी, पश्चिम बैतूल सामान्य वन मंडल के चिचौली परिक्षेत्र का 65।205 वर्ग किमी, एवं तावड़ी परिक्षेत्र का 100.789 वर्ग किमी क्षेत्र, यानि कुल 250.00 वर्ग किमी वन क्षेत्र में ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व का गठन किया जाएगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले के सोनेवानी वन क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अंतर्गत बालाघाट जिले में 163.195 वर्ग किमी सोनेवानी आरक्षित वन क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित कर नए कंजर्वेशन रिजर्व के गठन को मंजूरी दी गई। दोनों की अधिसूचना भी जल्द ही जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में सीधी जिले के मुर्दाडीह-तरिहा से सोनतीर पटेहरा पहुंचमार्ग में सोननदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, रीवा को वन्य जीव अनुमति दी। इसी प्रकार बफर जोन वन मंडल, कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला के अंतर्गत ग्राम धमनगांव तहसील-बिछिया में वन कक्ष क्रमांक 324 में कुल 0.95 हेक्टेयर वनभूमि पर एक अस्थायी पुलिस केंप की स्थापना के लिए एसपी मण्डला को वन्य जीव अनुमति दी गई। मुख्यमंत्री ने बोर्ड द्वारा प्रस्तावित अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा प्रदेश को सभी वन्य प्राणियों के लिए एक आदर्श स्थली के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जैव विविधिता के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार से भी तकनीकी मार्गदर्शन एवं मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश की समृद्ध वन्य संपदा की रक्षा और संवर्धन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने केंद्र सरकार से मार्गदर्शन लेकर वन्य जीवों की आगामी पुनर्वास/पुनर्स्थापन योजनाओं को भी अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।



### हाथियों का करें स्थायी प्रबंधन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के रिहायशी इलाकों में जंगली हाथियों की आमद और इनके उन्मुक्त आवागमन/आचरण पर अंकुश लगाएं। नई तकनीकों का इस्तेमाल करें जिनसे हाथियों की रिहायशी इलाकों तक पहुंच को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार व्यवस्थाएं कर जंगली हाथियों का स्थायी प्रबंधन करें ताकि इन्हें आबादी क्षेत्र से दूर रखा जा सके। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि इंदौर के चिड़िया घर में नभचर और थलचर प्राणियों का जिस तरह से प्रबंधन किया गया है वैसा ही सद्प्रयास भोपाल में भी किया जाएं। यहां वन विहार में जलीय प्राणियों सहित नए वन्य प्राणियों को बसाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि जलीय जीवों में मगरमच्छ को नर्मदा में बसाया जाए। घड़ियालों की संख्या भी बढ़ाई जाए। बताया गया कि पन्ना नेशनल पार्क में घड़ियाल छोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने गिद्धों और चीलों के संवर्धन के भी निर्देश दिए। बताया गया कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही वन्य जीव अभ्यारण्य) में अब कुल 20 बाघ हो गए हैं।

## शॉट न्यूज

### हाइवे पर दौड़ रही थी कॉलेज के अचानक उखड़ गए पहिए

**भोपाल।** आपने पिछले दिनों बस हादसे का दिल दहलाने वाला वीडियो देखा था। जिसमें सिग्नल के पास एक स्कूल बस ने कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में एक डॉक्टर युवती की जान चली गई थी। इस घटना को अभी हफ्ते भर भी नहीं बीते हैं कि एक और बस हादसा हो गया। कॉलेज स्टूडेंट्स से खचाखच भरी बस का एक्सीडेंट होने से कई छात्र घायल हो गए। घायलों को आरएनए मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल, इस बार बस हाइवे पर दौड़ रही थी और उसके पीछे के दोनों पहिए ही अलग हो गए। बस जमीन पर गिर गई। यह बस भी एक यूनिवर्सिटी की है। इस घटना की फोटो देखकर आपको हैरानी हो सकती है। इस बस में छात्र खचाखच भरे हुए थे। जिससे की हादसे में कई छात्र घायल हो गए।

### पेड़ गिरे, पोल टूटे, शहर अंधेरे में डूबा...

**ग्वालियर।** शहर में रात अचानक बदले मौसम ने लोगों को जहां गर्मी से राहत दी, वहीं तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रात करीब 11 बजे शुरू हुई तेज आंधी की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। इसके कुछ ही समय बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे पूरे शहर में कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। आंधी के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में दर्जनों पेड़ गिर पड़े, जिससे यातायात बाधित हुआ और कई स्थानों पर बिजली की लाइनों पर भी असर पड़ा। इससे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और रातभर लोग अंधेरे में परेशान होते रहे। कई क्षेत्रों में पानी की टंकी से आपूर्ति भी बाधित हो गई। ग्वालियर अंचल का अधिकतम तापमान बुधवार को 44।6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

### किसान से रिश्वत लेते धराया कृषि अधिकारी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने कृषि यांत्रिकी विभाग में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। किसान को कृषि यंत्र पर मिलने वाली शासन की सब्सिडी पास कराने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहा था। इस मामले में चौंकाने वाली बात यह रही कि लोकायुक्त पुलिस ने यह कार्रवाई शहर के मुख्य चौराह पर की गई है। दरअसल, मामला जिले के ईसागढ़ क्षेत्र के ग्राम गहोरा का है। यहां के रहने वाले किसान हेमंत आर्य ने पिछले 25 तारीख को ग्वालियर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कृषि यांत्रिकी विभाग में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र यादव के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। किसान ने बताया कि ऑपरेटर उनकी कृषि यंत्रों पर मिलने वाली शासकीय सब्सिडी पास नहीं की जा रही है।

### उज्जैन में सामने आया मामला

## चाय बनाने पर विवाद सौतेली मां ने रस्सी से घोंट दिया बेटी का गला

संवाददाता ● उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में हाल ही में एक बच्ची की मौत हो गई थी, जिसका उसके परिवार ने अंतिम संस्कार कर दिया था, लेकिन अब इस मामले की जांच की गई तो सच कुछ और ही सामने आया। जांच में बच्ची की मौत के 9 दिन बाद पता चला कि बच्ची की मौत नहीं हुई थी। बल्कि बच्ची की सौतेली मां ने ही उसे बकरी बांधने की रस्सी से गला दबाकर मार डाला डाला था और पिता ने सबूत छिपाने के लिए बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया था। ये घटना 11 मई की है, जब एक बच्ची की मौत हो गई थी। माकड़ोन पुलिस ने इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया और माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। 9 दिन बाद सामने आया कि मासूम को उसकी सौतेली मां ने बकरी बांधने की रस्सी से गला दबाकर मारा था। माकड़ोन थान प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत ने बताया कि 11 मई की शाम को खबर मिली थी कि ग्राम रावणखेड़ी में रहने वाली 10 वर्षीय मधु पिता बालाराम उर्फ बालू पंवार की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। उसके गले पर रस्सी जैसे निशान थे। पुलिस रावणखेड़ी पहुंची, लेकिन मासूम का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। घटना से एएसपी पल्लवी शुक्ला और एसडीओपी भविष्य भास्कर को अवगत कराया गया और जांच के लिए एफएसएल टीम बुलाई गई। साथ ही केस दर्ज कर लिया गया। मासूम के शव के अवशेष जप्त किए गए और जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे गए। थाना प्रभारी के अनुसार उन्हें गांव के एक युवक ने कुछ फोटो-वीडियो उपलब्ध कराए थे।




### संगीता और मधु के बीच होता रहता था विवाद

पूछताछ में सामने आया कि मृतक मधु की मां संगीताबाई सौतेली है। उसके पिता ने दूसरी शादी की थी। संगीता और मधु के बीच आए दिन विवाद होता था। घटना वाले दिन चाय बनाने पर विवाद हुआ था, जिसके बाद संगीता मधु को पीछे बाड़े में ले गई थी, जहां बकरियों को बांधा जाता है। संगीता ने बकरी बांधने की रस्सी से मधु का गला घोंटकर हत्या कर दी। बालाराम जब घर आया तो उसे बच्ची की हत्या का पता चला तो उसने पुलिस को जानकारी देने की बजाय पत्नी को बचाने की कोशिश की और सबूत छुपा दिए और अपनी बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी राजपूत के अनुसार संगीता और बालाराम के बयान से हत्या का 9 दिन बाद खुलासा हो गया।

## पूर्व एमएलए से की सात लाख की ठगी बैंक को भनक लगे बिना खाते से गायब

संवाददाता ● भोपाल

आजकल साइबर फ्रॉड के कई मामले सामने आ रहे हैं। साइबर ठगों के निशाने पर आम नागरिक सबसे उपर रहे हैं। लेकिन इस बार कुछ अलग हुआ है। ठगों ने राजनेता को निशाना बनाया है। एक पूर्व विधायक के बैंक खाते से रकम उड़ा ली गई है। इस पूरे मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाना पहुंच गई है। दरअसल, मामला भोपाल की वीवीआईपी रहवासी क्षेत्र अरेरा कॉलोनी से जुड़ा है। जिनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है वे हैं बीजेपी के पूर्व विधायक रामकिशन चौहान हैं। वे रायसेन जिले की भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रह चुकें हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि एटीएम का क्लोन बनाकर उनके बैंक खाते से 6 लाख 83 हजार रुपये उड़ा लिए गए हैं। शिकायत के बाद साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामला सामने आने के बाद भोपाल पुलिस हरकत में आ गई है क्योंकि मामला आम नहीं, बल्कि खास है। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक का बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। अचानक 5 मई को उनके पास एक एसएमएस आया कि बैंक खाते से 92 रुपए काट लिऐ गए हैं। जब वह बैंक पहुंचे और उन्होंने खाते की जानकारी जुटाई। यहां उन्हें पता चला कि 2 फरवरी से 1 मई के बीच 54 बार हुए ट्रांजेक्शन हुआ है और 6 लाख 83 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। अब जाकर जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज करके जांच प्रारंभ की है। जानकारी में यह बात सामने आई है कि पूर्व विधायक ने फरवरी महीने में अरेरा कॉलोनी के एक एटीएम से पैसे निकाले थे। आशंका है कि इसी दौरान उनके कार्ड का क्लोन बनाया गया है। जिससे पूरी जालसाजी की वारदात को अंजाम दिया गया। अब पुलिस एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाल रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके।

### गुना जिले की करोद पंचायत का अनोखा

## सरपंच पर 20 लाख का कर्ज, चुकाने के लिए पंचायत को रखा गिरवी




संवाददाता ● गुना

मध्यप्रदेश के गुना जिले से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन से लेकर आमजन तक को हैरान कर दिया है। गुना की करोद पंचायत की महिला सरपंच ने अपने निजी काम और चुनाव लड़ने के लिए पति की ओर से लिए गए 20 लाख रुपए के कर्ज को चुकाने के लिए एक अजीबो गरीब फैसला ले डाला। सरपंच ने नियमों को ताक पर रखकर एक दबंग पंच को ही पूरी पंचायत ठेके पर सौंप दिया। गुना जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सभी को हैरानी में डाल दिया है। यहां करोद पंचायत की महिला सरपंच लक्ष्मी बाई ने अपनी पंचायत को ही गिरवी रख दिया। लक्ष्मी बाई ने 20 लाख रुपए रुपए चुकाने के एवज में पंचायत के ही पंच रणवीर कुशवाह को 20 लाख की भरपाई के लिए पूरी पंचायत के संचालन का ठेका दे दिया गया। मामले में हैरान करने वाला पहलू तब सामने आया जब सरपंच और पंच के बीच हुई इस पूरी डील का बाकायदा कांट्रेक्टर लेटर बनवाया गया। इसमें साफ तौर पर लिखा गया कि पंचायत को एग्रीमेंट के तहत चलाया जाएगा और पंचायत के कामकाज से होने वाली आमदनी का 5 प्रतिशत कमीशन सरपंच को दिया जाएगा। इस तरह सरपंच ने पूरी पंचायत को अपने पति का 20 लाख रुपए का कर्ज चुकाने के लिए रणवीर कुशवाह को ठेके पर दे दिया गया। महिला सरपंच के कारनामे का यह मामला जैसे ही प्रशासन के संज्ञान में आया, तो तुरंत जांच के आदेश दिए गए।

**मामला**

### प्रशासन ने सरपंच को पद से हटाया


जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कैंट थाना पुलिस ने पंच रणवीर कुशवाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और सरपंच लक्ष्मी बाई को पद से हटा दिया गया। प्रशासन अब इस मामले में गहनता से तरह से जांच कर रहा है और अन्य जिम्मेदारों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गुना जिले में हुई यह घटना पूरे प्रदेश में पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। इस मामले ने न केवल ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की जड़ों को उजागर किया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा किया है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का संचालन कैसे निजी हितों की भेंट चढ़ रहा है।

## कलेक्टरों की परफार्मेंस कुंडली तैयार करा रही सरकार

संवाददाता ● भोपाल

मोहन यादव सरकार कलेक्टरों के बार-बार किए जाने वाले तबादलों पर कंट्रोल करने के बाद अब उनके कामों की रेटिंग करा रही है। योजनाओं पर अमल के लिए तय की परफार्मेंस इंडिकेटर के साथ डायनॉमिक पैरामीटर भी रेटिंग तय करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

सरकार ने परफार्मेंस रेटिंग के लिए पहले स्टेट कॉल सेंटर से किए गए कॉल को आधार बनाया था लेकिन अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। कॉल सेंटर से कॉल के जरिये लिए गए फीडबैक में अच्छा काम करने वाले कई कलेक्टरों की रेटिंग कमजोर आई थी। इस कारण भी इसमें बदलाव किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मई में हुई समाधान ऑनलाइन की बैठक में यह कहकर सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को चौंकाया था कि उनके पास हर कलेक्टर की परफार्मेंस रिपोर्ट है लेकिन इस बार इसे वायरल नहीं कर रहे हैं। अब जिलों की ग्रेडिंग का काम सरकार करा रही है। इसके बाद अच्छा काम करने वाले कुछ कलेक्टरों ने इसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि सरकार के फार्मूले के चलते अच्छा करने के बाद भी वे कमजोर परफार्मेंस वाले जिलों में शामिल हैं। इसके बाद ग्रेडिंग फार्मूले पर सवाल भी उठाए जाने लगे और यह बात सरकार तक पहुंच गई है जिसे अब और पावरफुल बनाने की तैयारी है ताकि कलेक्टरों की सही रिपोर्ट मिले और कोई आवाज न उठा सके। अगले दो माह में पैरामीटर्स फिक्स होने के बाद हर माह उसी के आधार पर परफार्मेंस रेटिंग तय की जाने लगेगी।



### 400 से अधिक पैरामीटर के आधार पर तैयार होगी रिपोर्ट

एमपीएसईडीसी के सीईओ आशीष वशिष्ठ बताते हैं कि पिछले कुछ दिनों से इस पर काम शुरु हुआ है। इसके लिए एक-दो नहीं बल्कि 400 से अधिक पैरामीटर्स के आधार पर परफार्मेंस तय करने की व्यवस्था की गई है। अभी कुछ और पैरामीटर्स भी बढ़ सकते हैं। वशिष्ठ के अनुसार सभी विभागों की योजनाओं के पैरामीटर्स इंडीकेटर और डायनॉमिक पैरामीटर्स के आधार पर परफार्मेंस रिपोर्ट बनाने का काम किया जाएगा। सीईओ एमपीएसईडीसी वशिष्ठ का कहना है कि हर विभाग से उनसे संबंधित योजनाओं के पैरामीटर्स की जानकारी बुलाई जाती है। सारे विभागों के पोर्टल कनेक्टेड हैं, इसलिए इसके आधार पर रिपोर्ट मिल रही है। इसके बाद सभी योजनाओं के एवरेज के आधार पर रिपोर्ट बनाने का काम हो रहा है। यह शुरुआती दौर है, इसलिए अभी कलेक्टरों को इसकी जिलावार रिपोर्ट सामूहिक तौर पर नहीं दी गई है।

### कैग रिपोर्ट ने उड़ा दी नींद

# सर्पदंश से लेकर बिजली गिरने तक 23 करोड़ डकार गए अधिकारी

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश में सर्पदंश, पानी में डूबने से लेकर बिजली गिरने तक में घोटाला सामने आया है। जिसने प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। इस घोटाले में कुछ को कागजों में ही डुबोकर मार दिया गया तो कई लोगों की मौत बिजली गिरने की वजह से दिखा दिया गया। इसमें 13 जिलों में 23 करोड़ का घोटाला हुआ है। दरअसल नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने प्राकृतिक आपदाओं की चार योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता के वितरण की जांच के लिए अक्टूबर और नवंबर 2022 में एक ऑडिट किया, जिस पर राज्य सरकार ने 2018-19 से 2021-22 के दौरान अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान की। इसमें पाया गया कि प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए दी गई 23।81 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मध्य प्रदेश के 13 जिलों में सरकारी कर्मचारियों, उनके रिश्तेदारों और अन्य अपात्र व्यक्तियों के खातों में जमा कर दी गई।मार्च 2025 में विधानसभा में पेश की गई सीएजी ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों को राहत राशि के वितरण में 23।81 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

**घोटाला**




### 13 जिलों तक पहुंचा घोटाला

मध्य प्रदेश के सिवनी, श्योपुर, सीहोर, शिवपुरी, देवास, छतरपुर, खंडवा, मंदसौर, रायसेन, दमोह, सतना, आगर-मालवा और विदिशा में घोटाला हुआ। कुल 23।81 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी में से 21।14 करोड़ रुपये अयोग्य व्यक्तियों के खातों में पैसा हस्तांतरित करने से संबंधित थे, 2।67 करोड़ रुपए सरकारी कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों को धोखाधड़ी से पैसा वितरित करने से संबंधित थे।

### तने पैसे का घोटाला

सबसे अधिक 11।79 करोड़ रुपए सिवनी जिले में निकाले गए, इसके बाद श्योपुर में 3।36 करोड़ रुपए, शिवपुरी में 3 करोड़ रुपए, देवास में 1।26 करोड़ रुपए और सीहोर जिले में 1।17 करोड़ रुपए निकाले गए। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, केवलारी तहसील के 81 बिलों की जांच की गई, जिसमें पता चला कि 291 फर्जी स्वीकृति आदेशों के जरिए 11।64 करोड़ रुपए धोखाधड़ी कर 59 अयोग्य व्यक्तियों के खातों में ट्रांसफर किए गए हैं।

रश्मि गुप्ता ने किया खुलासा

## 'रिश्तों से बंधी गौरी' में उनके किरदार पर परिवार ने दी यह मज़ेदार प्रतिक्रिया!

जब कोई एक्टर अपना किरदार इतनी खूबसूरती से निभा ले कि उनका खुद का परिवार भी उन्हें छेड़ने लगे, तो समझिए उन्होंने एक्टिंग में जान डाल दी है। कुछ ऐसा ही हो रहा है रश्मि गुप्ता के साथ, जो सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी गौरी ' में माहुआ का निगेटिव रोल निभा रही हैं। माहुआ के किरदार को उन्होंने इस कदर जीवंत कर दिया है कि घरवाले भी अब मज़ाक में उनसे डरने लगे हैं। अपने किरदार के मौजूदा ट्रैक पर बात करते हुए रश्मि शर्मा कहती हैं,'माहुआ ने घर में उथल-पुथल मचा रखी है। वो बुंदेला परिवार की सबसे बड़ी दुश्मन बन चुकी है और रोज़ कोई न कोई ड्रामा कर रही होती है। चूंकि ये डेली शो है, तो विलेन को भी वक्त-वक्त पर हारना पड़ता है, वरना मजा नहीं आता। अब जब वीरेंद्र लौट आया है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वो खुद आया है या किसी ने उसे वापस लाया है। इस रहस्य से जल्द पर्दा उठेगा। फिलहाल तो सारा शक महुआ पर ही जा रहा



है, लेकिन मुझे ये किरदार निभाकर बहुत मज़ा आ रहा है।' जब उनसे पूछा गया कि उनके परिवार का इस निगेटिव रोल पर क्या रिएक्शन है, तो रश्मि मुस्कुराते हुए कहती हैं,'अभी मैं शो में पूरी तरह से वैम्प बनी हुई हूं। यह किरदार इतना निगेटिव कि मेरा खुद का परिवार मज़ाक में कहता है कि 'जब तेरी शादी होगी, तो हम तेरे ससुराल वालों को ये सीरियल नहीं दिखाएंगे, तू उनका घर भी तोड़ देगी।' तो हां, ऐसी बातें भी सुनने को मिलती हैं। लेकिन मैं इसे हंसी में ही लेती हूं, क्योंकि महुआ का रोल मेरे लिए बहुत रोमांचक और इंटेंस है।' 'रिश्तों से बंधी गौरी ' शो की कहानी है गौरी के इर्द गिर्द घूमती है जो एक साहसी और संवेदनशील लड़की है। गौरी जबरदस्ती की शादी के बाद अपने हक के लिए खड़ी होती है और हालात से लड़कर खुद अपनी किस्मत लिखती है। शो में ईशा पाठक, सावी ठाकुर और स्वाति शाह जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। 'रिश्तों से बंधी गौरी ' हर रोज़ रात 8:30 बजे सन नियो पर प्रसारित होता है।




## कान्स में छाई भारतीय नारी, कुछ ही समय पहले रचाई थी दूसरी शादी अब फिर से बनी दुल्हन

बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपनी रॉयल ब्यूटी को लेकर छाई रहती हैं। ऐसे में अब अदिति कान्स की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में पहुंची हैं। अदिति ने कान्स से अपनी पहली तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की है जो कि काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। अदिति राव हैदरी अपने इस लुक में प्रॉपर भारतीय नारी के ग्लैम में दिखाई दे रही हैं। सुर्ख साड़ी के साथ सुर्ख बिंदी और सिंदूर अदिति के इस लुक एक दम न्यूली मैरिड टच दे रहा है। इसके साथ ही अदिति ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट चोकर के साथ पूरा किया है। ब्लू पट्टी वाली रेड साड़ी को एक्ट्रेस ने मैचिंग स्लीव्लेस ब्लाउज के साथ पेयर किया था। इस साड़ी को डिजाइनर अनामिका खन्ना ने डिजाइन किया है। माथे पर लाल बिंदी और मांग में सिंदूर के साथ एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। खास बात ये है कि सिद्धार्थ से शादी के बाद ये पहली बार है जब अदिति पब्लिकली सिंदूर में नजर आई हैं। अदिति ने स्टाइलिश जूड़ा हेयरस्टाइल के साथ अपने लुक को पूरा किया था। उनके इस लुक पर फैंस फिदा हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा- 'लाल परी'। दूसरे फैन ने कमेंट किया- 'इसी का लंबे समय से इंतजार था।' इसके अलावा फैंस उनके सिंदूर की खूब तारीफें कर रहे हैं। समंदर किनारे एक से बढ़कर एक खूबसूरत पोज देते हुए अदिति ने अपनी कुछ तस्वीरों की सीरीज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है जो कि मिनटों में वायरल हो गई है। फैंस अदिति के इस लुक की जमकर तारीफें कर रहे हैं इसके साथ ही अब तमाम सोशल मीडिया यूजर्स अदिति के रेड कार्पेट लुक के लिए काफी बेसब्र हुए जा रहे हैं। बता दें कि अदिति और सिद्धार्थ 16 सितंबर 2024 को शादी के पवित्र बंधन में बंधे थे। उस दौरान भी उन्होने लोगों को काफी हैरान किया था। बता दें कि अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। आप देखिए तस्वीरें जो कि अदिति राव हैदरी ने साझा की।

## अथिया ने छोड़ा बॉलीवुड, एक्टर बोले- उसने मुझसे कहा बाबा मैं अब...

सुनील शेट्टी के 2 बच्चे हैं जिन्होंने पिता की तरह एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ली। पहले सुनील की बेटी अथिया ने बॉलीवुड में कदम रखा और फिर बेटे अहान ने। अथिया जो लास्ट साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म मोतीचूर चकनाचूर में नजर आई थीं, उन्होंने अब बॉलीवुड क्विट कर दिया है। एक्ट्रेस के पिता सुनील ने खुद इस बारे में बताया है। सुनील ने कहा कि अथिया ने खुद आकर कहा कि वह अब फिल्म नहीं करना चहती हैं। सुनील ने बताया कि 'अथिया ने मुझे कहा बाबा मैं अब फिल्म नहीं करना चाहती हूं और उन्होंने छोड़ दिया। मैं इसके लिए उनको सलाम करता हूं कि उन्होंने कहा कि मैं अब इंट्रेस्टेड नहीं हूं। मैं अब फिल्में नहीं करना चाहती हूं। मोतीचूर चकनाचूर के बाद उनके पास काफी काम आया, लेकिन उन्होंने कहा कि मैं अब फिल्में नहीं करना चाहती हूं, मैं ऐसे ही कम्फर्टेबल हूं।' सुनील ने आगे कहा, 'आज वह अपनी लाइफ का सबसे महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। वह एक बेस्ट फिल्म में काम कर रही हैं और वह है



लाइफ और इसमें उनका रोल है मां का और उसे वह काफी पसंद भी कर रही हैं।' बता दें कि अथिया ने फिल्म हीरो से बॉलीवुड डेब्यू किया था जिसमें उनके साथ सूरज पंचोली भी थे। इसके बाद वह मुबारकां और फिर मोतीचूर चकनाचूर में नजर आई थीं। मोतीचूर चकनाचूर में वह नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आई थीं। हालांकि वह फिल्म चली नहीं। अथिया ने क्रिकेटर के एल राहुल से जनवरी 2023 में शादी की थी। वहीं मार्च 2024 में वह और राहुल पैरेंट्स बने। अथिया फिलहाल बेटी की परवरिश में बिजी हैं और अब अपना समय परिवार के साथ बिता रही हैं।

बोमन ईरानी की मास्टरक्लासः 'द मेहता बॉयज़' और कहानी कहने की कला पर वीस्कूल में हुआ के विशेष सत्र

## स्क्रीन से स्क्रिप्ट तक : बोमन ईरानी की जुबानी वीस्कूल बना रचनात्मकता का मंच

प्रिंसिपल एल. एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च, मुंबई (वीस्कूल) में प्रख्यात अभिनेता, निर्देशक और निर्माता बोमन ईरानी द्वारा एक प्रेरणादायक मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। यह सत्र उनकी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'द मेहता बॉयज़' पर केंद्रित था, जिसमें उन्होंने स्क्रिप्ट से लेकर स्क्रीन तक की अपनी रचनात्मक यात्रा साझा की। इस मौके पर लगभग 200 छात्रों की उपस्थिति में उनकी स्क्रीन राइटिंग पहल 'स्पाइरल




बाउंड' का 800 वां सत्र भी आयोजित किया गया। यह पहल अप्रैल 2020 में महामारी के दौरान शुरू हुई थी और आज रचनात्मक लेखन समुदाय के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुकी है।

बोमन ईरानी ने इस सत्र में कहा, "फिल्म को रोचक बनाए रखने के लिए दर्शकों को कल्पना करने और कुछ चीजों को समझने का मौका देना ज़रूरी है। यही चीज़ उन्हें अंत तक जोड़े रखती है।" उन्होंने यह भी जोड़ा, "भारतीय दर्शकों को कभी भी हल्के में न लें। यह देश भाषाई विविधता और कंटेंट की भरमार से भरा है और यहाँ के दर्शक बेहद समझदार है।" उन्होंने बताया कि कैसे 'द मेहता बॉयज़' फिल्म ने पिता-पुत्र के बीच की बातचीत ने इसमें भावनात्मक गहराई जोड़ने में मदद की और यह भी साझा किया कि ऑस्कर विजेता लेखक अलेक्ज़ेंडर डिनेलारिस जूनियर के साथ काम करना उनके लिए निरंतर सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा रहा। यह मास्टरक्लास केवल फिल्म निर्माण की तकनीक नहीं, बल्कि कहानी कहने की शक्ति और सीखने की निरंतरता की जरूरत पर भी प्रकाश डालती नज़र आई।

## शब्दों की मर्यादा भूल बैठे राम गोपाल वर्मा

### किआरा पर कर डाला भद्दा कमेंट




बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन और साउथ के मेगास्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का फैंस को काफी लंबे वक्त से इंतजार है। इसके टीजर पर लोगों की मिक्सड प्रतिक्रिया हैं। कई लोगों को जहां ऋतिक और जूनियर एनटीआर के लुक्स की सराहना की तो वहीं कई लोगों को कियारा का बिकिनी वाला शॉट इररेलिवेंट लगा। इसी बीच, निर्देशक राम गोपाल वर्मा अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कियारा आडवाणी के बीकिनी वाले सीन पर बेहद अभद्र टिप्पणी की है, जिससे फैंस काफी गुस्सा हो गए हैं। बवाल मचने के बाद राम गोपाल वर्मा ने उस पोस्ट को डिलीट कर दिया, लेकिन फैंस उन्हें अब भी ट्रोल कर रहे हैं और कह रहे हैं कि आखिर कैसे कोई इतना बड़ा फिल्ममेकर इतनी ओछी हरकत कर सकता है। YRF के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म वॉर 2 का टीजर मंगलवार को रिलीज किया गया था। राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर टीजर को लेकर पोस्ट किया। इस पोस्ट में रामू शब्दों की मर्यादा भूल गए और कियारा की बीकिनी फोटोज पर अभद्र टिप्पणी कर बैठे। इसके बाद फैंस ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई। लोगों ने कहा कि वो जब सोशल मीडिया पर खुलेआम ऐसी बातें कर रहे हैं तो असली जिंदगी में क्या करते होंगे। लोगों का गुस्सा और सोशल मीडिया ट्रोलिंग देखकर रामू ने उस पोस्ट को डिलीट कर दिया। लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इस पोस्ट ने रेडिट पर भी नई बहस को जन्म दे दिया। लोगों का कहना है कि राम गोपाल वर्मा को कियारा से माफी मांगनी चाहिए। बात करें वॉर 2 की तो फिल्म 14 अगस्त को थिएटर्स में दस्तक देने वाली है।

## वजन घटाने के चक्कर में हरनाज ने बना लिया क्या दीन, लोगों ने पकड़ा सिर

पूर्व मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर संधू फैशन और अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। लेकिन इस बार हरनाज कौर को देखकर उनके फैंस पूरी तरह से हैरान रह गए हैं। हरनाज ने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन किया है और ये इस कदर अजीब है कि कोई भी हरनाज को पहचान ही नहीं पा रहा है। हरनाज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। अब उनका एक लेटेस्ट पोस्ट वायरल हो रहा है जिसमें उनका शॉकिंग ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। इन फोटोज में हरनाज को पहचान पाना मुश्किल है। हरनाज ने काफी वजन कम किया है। इसके साथ ही वो काफी कमजोर और स्किनी सी दिखाई दे रही हैं। बता दें कि कुछ समय पहले हरनाज का वजन बहुत बढ़ गया था। हरनाज कौर संधू ने बताया था कि उन्हें सीलिएक डिजीज है। इसी वजह से उनका वजन बढ़ा था। वो गेहूं नहीं खा सकती हैं। वो ग्लूटन नहीं खा सकती हैं। लेकिन एक बार फिर हरनाज ने वजन कम कर लिया है। वीडियो में वो बोल रही हैं, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं क्योंकि मैं 1 साल से भी ज्यादा समय बाद पिज्जा खाऊंगी। मैं इंतजार



नहीं कर सकती हूं।' वीडियो में हरनाज को पिंक कलर के वन स्ट्रैप टॉप में देखा जा सकता है। इसके साथ उन्होंने डेनिम जींस पेयर की है। उन्होंने काला चश्मा और ओपन हेयर से लुक कंप्लीट किया। उन्होंने पिंक लिपस्टिक लगाई और मेकअप बेस का मिनिमल रखा। इसी के साथ हरनाज ने अपने खाने की झलक भी दिखाई।



## पति विक्की जैन संग मालदीव वेकेशन पर अंकिता लोखंडे

### कपल की रोमांटिक तस्वीरें देख नेटिजंस हुए कंफ्यूज, बोले- प्रेग्नेंट हैं क्या...?

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों पति विक्की जैन के साथ मालदीव में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल में छुट्टियों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन तस्वीरों को देखने के बाद उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। कपल की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस उन तस्वीरों को देखकर खूब कमेंट कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर मालदीव वेकेशन से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें कपल रोमांटिक पोज देते दिखाई दे रहे हैं। समुद्र किनारे दोनों की सिजलिंग तस्वीरें खूब पसंद की जा रही हैं। उन तस्वीरों में अंकिता के पेट को देख नेटिजंस कंफ्यूज हो गए हैं। यूजर्स के बीच इस बात की भी चर्चा शुरू हो गई है कि अंकिता लोखंडे प्रेग्नेंट हैं।

हालांकि इसे लेकर कपल की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन कमेंट सेक्शन में प्रतिक्रियाओं की भरमार है। एक यूजर ने लिखा है- आप प्रेग्नेंट लग रही हैं। दूसरे यूजर ने लिखा है- वो प्रेग्नेंट हैं। तीसरे यूजर ने लिखा- बेबी बंप...। चौथे यूजर ने लिखा- ब्यूटीफुल जोड़ी। एक अन्य यूजर ने पूछा- क्या वो प्रेग्नेंट हैं? वहीं अन्य यूजर्स ने कपल को अपना फेवरेट बताया। इसके अलावा एक फैन ने कहा - अंकिता तुम लाफ्टर शेफ्स में अच्छा कर रही हो। टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से चर्चा में आईं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने साल 2021 में बिजनेसमैन विक्की जैन से शादी की थी। इनकी शादी खूब सुर्खियों में रही थी। कपल को एक साथ 'बिग बॉस' 17 में साथ देखा गया था। इस समय दोनों को 'लाफ्टर शेफ्स' सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इस शो के सेट पर दोनों के बीच तकरार और नोक झोंक खूब देखा जाता है। फैंस को इनकी नोकझोंक खूब पसंद आती है।



## जिस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण ने मांगे 20 करोड़ रुपये

### उससे दिखा दिया बाहर का रास्ता

साउथ सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एक साथ साल 2024 में आई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में काम किया है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। इस फिल्म के बाद से ऐसी खबरें थीं कि दोनों एक बार फिर से स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। हालांकि, अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जिस फिल्म में दोनों के साथ काम करने की बातें हो रही थीं, अब जानकारी है कि दीपिका को उससे बाहर कर दिया गया है। वो फिल्म है संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बन रही 'स्पिरिट'। प्रभास लीड रोल में हैं और दीपिका का नाम फीमेल लीड के लिए सामने आया था। हालांकि, गल्ट की एक खबर की मानें तो वो अब इस फिल्म का हिस्सा नही हैं। उनकी भारी भरकम डिमांड से वांगा परेशान हो गए, जिसके बाद उन्होंने दीपिका को फिल्म से अलग करने का फैसला किया। कुछ समय पहले ऐसी खबर आई थी कि 'स्पिरिट' के लिए दीपिका 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्म में प्रॉफिट शेयर की भी मांग की है। अब बताया गया कि दीपिका की ऐसी डिमांड थी कि वो सिर्फ 8 घंटे की शिफ्ट करेंगे। ऐसे में सिर्फ 6 घंटे ही शूटिंग हो पाएगी। इतना ही नहीं दीपिका ने तेलुगु में लाइन्स बोलने से भी इनकार कर दिया। इन सबकी वजह से संदीप रेड्डी वांगा फ्रस्ट्रेट हो गए और उन्होंने दीपिका को फिल्म से बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला किया। उन्होंने फीमेल लीड के लिए एक्ट्रेस की तलाश भी शुरू कर दी है। अभी स्पिरिट से दीपिका के अलग होने को लेकर किसी भी तरह का कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। अभी उनके पास एक और बड़ी फिल्म है। फिल्म का नाम है 'किंग', जिसमें शाहरुख खान नजर आने वाले हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म के जरिए शाहरुख की बेटी सुहाना खान सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू कर रही हैं।

## पंकज-श्वेता -प्रसाद और सुरवीन चावला पहुंचे मुंबई



ओटीटी पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो में क्रिमिनल जस्टिस नाम भी आता है। अब इसका नया सीजन भी आने वाला है। अब इसकी प्रमोशन के लिए एक्टर पंकज त्रिपाठी, सुरवीन चावला और श्वेता बसु प्रसाद जुहू पहुंचे। खास बात ये थी कि यह सभी कलाकार ट्रेन से जुहू पहुंचे थे। पंकज त्रिपाठी को सह-कलाकार श्वेता बसु प्रसाद और सुरवीन चावला के साथ पोज देते हुए देखा गया। तीखे और सहज दिखने वाले तीनों ने माधव मिश्रा और टीम के लिए आगे क्या है, इस बारे में बताते हुए मजबूत 'स्टार कास्ट केमिस्ट्री' की झलक भी दिखाई। क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर शीर्षक वाले इस नए सीजन में डार्क फैमिली ड्रामा और कोर्ट रूम में तीखी तनातनी देखने को मिलेगी। ग्लैमर, जोश और बेहतरीन कलाकारों के साथ- क्रिमिनल जस्टिस 4 आपकी स्क्रीन पर छाने वाला है।




### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का एलान

# आयुष म्हात्रे को कमान, वैभव भी शामिल

**एजेंसी ● मुंबई**

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का एलान हो चुका है। इस दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम कुल आठ मैच खेलेगी। इसमें एक वार्म अप मैच, इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच वनडे और दो बहु दिवसीय मैच शामिल है। इस सीरीज की शुरुआत 24 जून से होगी। भारतीय अंडर-19 टीम की कमान चेन्नई सुपर किंग्स के सुपरस्टार युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को सौंपी गई है। इस टीम में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है। इन दोनों ने इस सीजन आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। वैभव ने तो शतक भी जड़ा है।

**पांच मैचों की वनडे सीरीज़ होगी**

बीसीसीआई ने गुरुवार को प्रेस रिलीज में टीम का एलान किया। बीसीसीआई ने बताया, 'जूनियर क्रिकेट समिति ने 24 जून से 23 जुलाई तक होने वाले इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का चयन किया है। इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा एकदिवसीय सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो बहु-दिवसीय मैच शामिल हैं।' मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को उप कप्तान बनाया गया है।

**केरल के लेग स्पिनर एनान को भी मिली जगह-** दूसरी ओर 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं।

**वैभव के लिए शानदार रहा आईपीएल**

वैभव का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था। उन्होंने पिछले महीने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक बनाया था, जो कि इस लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। वैभव ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था।

सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो युवा टेस्ट में 16 विकेट लिए और उस सीरीज में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

### प्लेऑफ से पहले आरसीबी को बड़ा झटका

## टीम से दूर होगा यह स्टार, सिफर्ट को बनाया गया रिप्लेसमेंट

**एजेंसी ● बंगलूरू**

आईपीएल 2025 के लिए प्लेऑफ की चार टीमें तय हो गई हैं। आरसीबी ने 10वीं बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। टीम के विदेशी खिलाड़ियों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया और प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, प्लेऑफ से पहले टीम को बड़ा झटका लगा है। जैकब बेथेल वापस लौट रहे हैं। इसके रिप्लेसमेंट के लिए टिम सिफर्ट का चुनाव किया है। दरअसल, आरसीबी ने गुरुवार को इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है। बेथेल राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे।

**इंग्लैंड रवाना होंगे बेथेल**

बयान में कहा गया है, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।' बेथेल का आरसीबी के साथ आखिरी मैच शुक्रवार को होगा जब टीम सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। उनका अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ होगा। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने वाली अन्य टीमें हैं। गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व करने वाले जोस बटलर भी प्लेऑफ में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह इंग्लैंड की वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में खेलेंगे। आरसीबी ने अब तक 12 में से आठ मैच जीते हैं और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

### आईपीएल के प्लेऑफ की चारों टीमें तय

## ऑरेंज कैप की दौड़ में सुदर्शन और पर्पल कैप के लिए कृष्णा सबसे आगे

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 का रोमांच धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। प्लेऑफ की चारों टीमें हो चुकी हैं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। आईपीएल में 11वीं बार मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने में कामयाब हुई है। इससे पहले गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था। अब तक आईपीएल के 63 मुकाबले खेले जा चुके हैं, इनमें सर्वाधिक रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के नाम भी लगभग तय हो चुके हैं।ऑरेंज कैप के लिए साईं सुदर्शन और पर्पल कैप के लिए प्रसिद्ध कृष्णा सबसे आगे हैं।

**सुदर्शन : एकशतक और पांच अर्धशतक**

गुजरात टाइटंस के स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन आईपीएल 2025 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक खेले 12 मैचों में एक शतक और पांच अर्धशतक की मदद से 617 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 108* रन का है। सुदर्शन की टीम के कप्तान शुभमन गिल इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह 12 पारियों में 601 रन बना चुके हैं और सुदर्शन से आगे निकलने के लिए दाएं के हाथ के बल्लेबाज को सिर्फ 17 रन बनाने होंगे। आज गुजरात टाइटंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। ग्रुप चरण में यह उनका आखिरी मैच है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों की लिस्ट में साई सुदर्शन और शुभमन गिल के अलावा सूर्यकुमार यादव (583 रन), यशस्वी जायसवाल (559 रन) और विराट कोहली (505 रन)।



## 29 मई से प्लेऑफ की शुरुआत, तीन जून को मिलेगा चैंपियन

प्लेऑफ लेग की शुरुआत 29 मई से होने जा रही है। इस साल क्वालिफायर-एक 29 मई को मोहाली में खेला जाएगा। वहीं, एलिमिनेटर 30 मई को मोहाली में ही खेला जाएगा। एक जून को अहमदाबाद में क्वालिफायर-दो खेला जाना है, जबकि तीन जून को अहमदाबाद में ही फाइनल खेला जाएगा। क्वालिफायर-एक में अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें भिड़ती हैं। इस मैच को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है, जबकि हारने वाली टीम को एक और मौका मिलता है। क्वालिफायर-एक के बाद एलिमिनेटर खेला जाता है। यह अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच खेला जाता है। यह एक नॉकआउट मैच होता है। हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है, जबकि जीतने वाली टीम को क्वालिफायर-एक में हारने वाली टीम के साथ क्वालिफायर-दो में भिड़ना होता है। इस मैच को जीतने वाली टीम क्वालिफायर-एक को जीतने वाली टीम से फाइनल में भिड़ती है, जबकि हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है। तीन जून को इस साल का विजेता मिल जाएगा।

**प्रसिद्ध कृष्णा : 12 मैचों में 21 विकेट**

आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों को जिस तरह ऑरेंज कैप थमाई जाती है, ठीक उसी तरह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को पर्पल कैप से नवाजा जाता है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक सबसे ज्यादा विकेट गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने चटकाए हैं। उन्हें 12 मैचों में 21 विकेट मिले हैं और उनकी इकोनॉमी 7.85 की रही है। दूसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद हैं जिन्होंने 21 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकोनॉमी 8.41 की रही है। अभी दोनों टीमों को लीग चरण में एक-एक मुकाबला और खेलना है, ऐसे में दोनों गेंदबाज पूरा जोर लगाएंगे। इस लिस्ट मं ट्रेंट बोल्ट 19 विकेट से साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि जोश हेजलवुड 18 और वरुण चक्रवर्ती 17 विकेट के साथ क्रमश: चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

## बिजनेस न्यूज

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**एजेंसी ● खंडवा**

डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल द पार्क, इंदौर, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने भव्य पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया, जहां विभिन्न बिज़नेस वर्टिकल्स से बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया।

भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों



प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है।

## विशेषज्ञों ने बताए नाश्ते के आसान और सेहतमंद आइडिया, ताकि हो बेहतर शुरुआत

**एजेंसी ● खंडवा**

भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्जा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस विषय पर जानकारी साझा करते हुए मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए ऐसे नाश्ते के विकल्प जरूरी हैं जो न केवल आसान और पौष्टिक हों, बल्कि व्यस्त सुबह के लिए भी उपयुक्त हों। उनका मानना है कि आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए। ऋतिका के अनुसार, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे तत्व हार्मोन संतुलन बनाए रखने, वजन नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य सुधारने में सहायक होते हैं। ऋतिका समद्दार ने कुछ ऐसे पौष्टिक और सुविधाजनक नाश्तों के सुझाव दिए हैं, जिन्हें अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक आसानी से बदला भी जा सकता है। आलमंड एण्ड ओट मिल्क ब्रेकफास्ट स्मूदी: यह एक ऐसा हेल्दी ड्रिंक है, जो बादाम और ओट्स के पोषण से भरपूर मिश्रण से तैयार होता है। इसमें 15 से भी अधिक जरूरी पोषक तत्व होते हैं और यह जरूरी वसा, प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है।

## फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला है पर्सनल राणा नायडू सीज़न 2 का

**एजेंसी ● हैदराबाद**

हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई।

इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्ससाइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, "सीज़न 2? यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से



बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है। नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा। हमने चीजों को और गहराई से दिखाया, और ज्यादा पेचीदा बनाया। हर स्तर पर दांव बढ़ा दिए हैं।

## डेली कॉलेज में शुरू हुआ श्रीमती मंजू रमेश लुल्ला मेमोरियल कप, 10 टीमें खेलेंगी

**एजेंसी ● इंदौर**

डेली कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में 21 मई से सात दिवसीय 'श्रीमती मंजू रमेश लुल्ला मेमोरियल कप टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट' की भव्य शुरुआत हुई। इस टूर्नामेंट में पूर्व डेलियन छात्रों की 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो टी-10 फॉर्मेट में फ़्लड लाइट्स के नीचे मुकाबला करेंगी।

उद्घाटन अवसर पर श्री दीपक सिंह (कमिश्नर, इंदौर डिवीजन) मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि श्री देवराज बडगरा उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर श्री धीरज लुल्ला, डेली कॉलेज समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में पूर्व डेलियन्स मौजूद थे। इस आयोजन के मुख्य सूत्रधार श्री धीरज लुल्ला ने बताया कि, 'इस टूर्नामेंट का उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि श्रीमती मंजू लुल्ला जी की स्मृति को सम्मानित करना भी है। लुल्ला परिवार द्वारा डेली कॉलेज में कई



सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं – जिनमें स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर का सुधार, वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास और अन्य समाजसेवी पहल शामिल हैं।' टूर्नामेंट के दौरान प्रत्येक टीम को दो समूहों में विभाजित किया गया है। टीमों की नीलामी पहले ही हो चुकी है और पूर्व डेलियन्स ने टीम्स को खरीदा है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ विभिन्न आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस टूर्नामेंट को आयोजित करने में ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज बागड़िया, सेक्रेटरी मयूरध्वज सिंह और स्पोर्ट्स सेक्रेटरी नीतिराज का विशेष सहयोग रहा है।

### ऋषभ पंत की नाकामयाबी पर कही यह बात

# पांच मिनट में पंत की खामियां कर दूंगा दूर-योगराज

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

ऋषभ पंत के लिए आईपीएल 2025 कुछ खास नहीं रहा। उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने बहुत उम्मीदों के साथ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन न तो उनका बल्ला चला और अंजाम यह हुआ कि टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। भारत के पूर्व क्रिकेटर और युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने पंत की तकनीक में कुछ खामियां देखी हैं और उन्होंने कहा कि पांच मिनट में वह उन खामियों को दूर कर देंगे। उन्होंने कहा पंत का सिर स्थिर नहीं है और उसका बायां कंधा बहुत अधिक खुल रहा है। थोड़े से सुधार के साथ वह कुछ ही समय में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ जाएंगे।'

पंत ने आईपीएल के इस सीजन अब तक 11 पारियों में 12.27 की औसत और 100 के स्ट्राइक रेट से 135 रन बनाए हैं। इसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। बाकी की 10 पारियों में उनका उच्चतम स्कोर 21 रन रहा है। उनके बारे में योगराज सिंह का कहना है कि उन मुद्दों को हल करने में केवल पांच मिनट लगेंगे और लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान को ट्रैक पर वापस लाएंगे और फिर से वह बड़ी पारियां खेल सकेंगे। अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दे चुके 67 साल के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि सुधार पर ध्यान देने से पंत जल्द ही अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आएंगे।

योगराज ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा, 'ऋषभ पंत की समस्या को सिर्फ पांच मिनट में ठीक किया जा सकता है। उसका सिर स्थिर नहीं है और उसका बायां कंधा बहुत अधिक खुल रहा है। थोड़े से सुधार के साथ वह कुछ ही समय में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ जाएंगे।' सनराइजर्स के खिलाफ सोमवार को अहम मुकाबले में वह छह गेंदों में सात रन बनाकर आउट हो गए थे। पंत ने इस सीजन- 0, 15, 2, 2, 21, 63, 3, 0, 4, 18 और 7 रन की पारियां खेली हैं। उनके पहले आईपीएल सीजन यानी 2016 को छोड़ दिया जाए तो पंत ने कभी किसी सीजन में 300 से कम रन नहीं बनाए हैं। यह सिर्फ उनका दूसरा सीजन है जब उन्होंने 200 से कम रन बनाए हैं। 2016 में पंत ने 10 मैचों में 198 रन बनाए थे। इनमें एक अर्धशतक शामिल है।



### पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पर कहा-

## टीआरपी से ज्यादा हमारे लोगों की जिंदगी अहम-गंभीर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनज़र टीम इंडिया ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध तोड़ लिए हैं। टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा कि भले ही इन दोनों देशों की टीम के खेलने से टीआरपी बढ़ती है, विज्ञापन एजेंसियों को फायदा होता है लेकिन उससे ज्यादा हमारे देश के लोगों की सुरक्षा जरूरी है।

गौतम गंभीर ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र किया और पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पर अपनी बात कही। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच से जुड़े सवाल



पर बेबाक बयान दिया और कहा कि भले ही इन दोनों के खेलने से टीआरपी बढ़ती है लेकिन उससे ज्यादा हमारे लोगों की जिंदगी अहम है।



अंतिम पड़ाव पार करने की खुशी...

यू.एस. कोस्ट गार्ड अकादमी के 144वें समारोह के दौरान नव नियुक्त अधिकारी अपनी टोपी उछालते हुए।

## शॉट न्यूज

### उ. कोरिया का युद्धपोत लॉन्चिंग में ढहा

**उत्तर कोरिया।** उत्तर कोरिया की नौसेना को उस समय करारा झटका लगा जब देश का नया 5000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत लॉन्चिंग के दौरान ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना चोंगजिन पोर्ट पर कल हुई, जहां नेता किम जोंग उन खुद मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह युद्धपोत रूसी मदद से तैयार किया गया था। हादसे पर भड़कते हुए तानाशाह किम जोंग उन ने वैज्ञानिकों और सेना के अधिकारियों पर ऐक्शन लेने के लिए आपात बैठक बुलाई है।उत्तर कोरियाई सरकारी एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, युद्धपोत को रैंप से नीचे उतारते वक्त संतुलन बिगड़ गया। फ्लैटकैप समय पर नहीं चला, जिससे जहाज झुक गया और उसका नीचला हिस्सा दबकर टूट गया।किम जोंग उन का गुस्सा फूटाकिम ने इस हादसे को गंभीर दुर्घटना और आपराधिक लापरवाही बताया। उन्होंने वैज्ञानिकों, सेना अधिकारियों और शिपयार्ड कर्मचारियों पर बिल्कुल गैरजिम्मेदार और अवैज्ञानिक रवैये का आरोप लगाया।

### अमेरिका में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में कैपिटल यहूदी म्यूजियम के पास कल देर रात इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। यह हमला उस समय हुआ जब म्यूजियम में अमेरिकन ज्यूइश कमेटी (एजेसी) द्वारा आयोजित एक यंग डिप्लोमैट्स रिसेप्शन चल रहा था।पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमलावर ने गोलीबारी से पहले फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। हमलावर फिलहाल फरार है। एफबीआई की जॉइंट टेररिज्म टास्क फोर्स इस मामले की जांच कर रही है। इजरायल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत डैनी डैनन ने इस घटना को यहूदी-विरोधी आतंकवाद का जघन्य कृत्य करार दिया और कहा कि यह राजनयिकों और यहूदी समुदाय पर हमला है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों पर भरोसा जताया कि इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लिंकन सेंटर में एक सांस्कृतिक महोत्सव

# इस शरद ऋतु, नीता अंबानी न्यूयॉर्क सिटी में लाने जा रही हैं "भारत की एक झलक"

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

महोत्सव

12 से 14 सितंबर तक, नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (NMACC) वीकेंड न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित परफॉर्मिंग आर्ट्स सेंटर लिंकन सेंटर को तीन दिनों के नृत्य, संगीत, फैशन और भारतीय संस्कृति से सराबोर कर देगा।

जब नीता अंबानी एक युवा लड़की थीं और अपने भरतनाट्यम अरंगेत्रम (प्रथम एकल प्रस्तुति) की तैयारी कर रही थीं, तब उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे कोई थिएटर बुक कर सकें—इसलिए उन्होंने एक मंदिर में प्रदर्शन किया। "उसी समय मैंने यह संकल्प लिया था कि मैं भविष्य में कलाकारों और कला के लिए कुछ करूंगी," नीता अंबानी याद करती हैं। दशकों बाद, रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की पत्नी होने के नाते, उन्होंने उस संकल्प को साकार किया 2023 में मुंबई में भव्य नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (NMACC) की स्थापना के साथ। उस समय इस लॉन्च इवेंट को मीडिया ने "भारत का मेट गाला" तक कह दिया था। रेड कारपेट पर ज़ेन्डाया, शाहरुख



खान, गीगी हदीद, प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस, आलिया भट्ट और एम्मा चेम्बरलेन जैसे सितारे भारतीय हस्तशिल्प से सजे परिधानों में दिखाई दिए।

यह तुलना उचित भी थी और शायद जानबूझकर की गई थी। नीता अंबानी को इस सेंटर की प्रेरणा विश्व के महान सांस्कृतिक स्थलों की यात्राओं से मिली, जिनमें मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट (जहाँ उन्हें 2019 में मानद ट्रस्टी बनाया गया) भी शामिल है। "मैंने जब अपने बच्चों के साथ लिंकन सेंटर और सिडनी ओपेरा हाउस देखा, तो सोचा—भारत में ऐसा क्यों नहीं है?" वह कहती हैं। "मैं एक ऐसा स्थान बनाना चाहती थी, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर सके—चाहे वह नृत्य हो, नाटक, संगीत, लोककथाएं या हस्तकला।"

इस सपने को साकार करने में उन्हें 10 साल लगे। आज NMACC एक ऐसा मंच है जहाँ Mamma Mia!, The Phantom of the Opera जैसे ब्रॉडवे म्यूज़िकल्स से लेकर कत्थक और बंगाली संगीत कार्यक्रम, यायोई कुसामा, एंडी वारहोल और डैन फ्लैविन जैसे कलाकारों की कला प्रदर्शित हो चुकी है।

NMACC के उद्घाटन के बाद से नीता अंबानी लगातार सक्रिय रही हैं। कौन भूल सकता है वह भव्य $600 मिलियन खर्च वाली शादी, जो उन्होंने अपने बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के लिए आयोजित की थी, जिसमें आभूषण, फैशन और सितारों की भरमार थी? अब नीता अंबानी न्यूयॉर्क को NMACC का अनुभव कराने आ रही हैं। 12 से 14 सितंबर तक लिंकन सेंटर में आयोजित होने जा रहा है NMACC वीकेंड, जिसमें भारतीय नृत्य, संगीत, फैशन और कला की झलक मिलेगी। "हम चाहते हैं कि भारतीय कला और कलाकारों को वैश्विक मंच पर वह स्थान मिले, जिसके वे योग्य हैं। और इसके लिए लिंकन सेंटर से बेहतर स्थान नहीं हो सकता," अंबानी कहती हैं। "संस्कृति लोगों को जोड़ती है, सहानुभूति पैदा करती है और विविधताओं को समझने में मदद करती है। मुझे लगता है कि आज के समय में इसकी सबसे अधिक ज़रूरत है।"

कार्यक्रम की शुरुआत Grand Swagat से होगी एक आमंत्रण-आधारित उद्घाटन गाला जिसमें अंबानी की हैंडलूम ब्रांड Swadesh के लिए मनीष मल्होत्रा द्वारा क्यूरेट किया गया फैशन शो होगा। मल्होत्रा हाल ही में मेट गाला के रेड कारपेट पर भी नजर आए थे। साथ ही, प्रसिद्ध शेफ विकास खन्ना, जो ईस्ट विलेज में स्थित रेस्तरां Bungalow चलाते हैं, भारतीय व्यंजनों की प्रस्तुति देंगे। "NMACC भारत को दुनिया के सामने पेश करने का जो कार्य कर रहा है, उसमें भागीदारी मेरे लिए गौरव की बात है," खन्ना कहते हैं। "इस मेनू के लिए मैंने इतना शोध किया कि मुझे एक और पीएचडी मिल सकती है," वे हँसते हुए जोड़ते हैं। इसके अलावा, बॉलीवुड गायक शंकर महादेवन, श्रेय घोसाल, और शास्त्रीय संगीतज्ञ ऋषभ शर्मा के कॉन्सर्ट भी होंगे। साथ ही, The Great Indian Musical: Civilization to Nation—एक भव्य नाटक जिसे निर्देशक फिरोज़ अब्बास खान ने तैयार किया है, पाँच प्रस्तुतियों के लिए मंचित होगा।

## साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति के साथ भिड़े ट्रम्प

# साउथ अफ्रीका में हो रहा गोरे किसानों का नरसंहार : ट्रम्प



**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने तीखी बहस हुई। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका में गोरे किसानों का नरसंहार किया जा रहा है। ओवल ऑफिस में मीटिंग के दौरान ट्रम्प ने एक वीडियो को सबूत के तौर पर दिखाते हुए दावा किया कि साउथ अफ्रीका में गोरे लोगों को बड़े पैमाने पर टारगेट किया जा रहा है। इसके कारण किसान अमेरिका की ओर भाग रहे हैं। रामफोसा को इसके खिलाफ कदम उठाने चाहिए।

हालांकि, रामफोसा ने दावों का खंडन करते हुए कहा कि नरसंहार के आरोप झूठे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा- साउथ अफ्रीका में सभी नस्लों के लोग हिंसा से पीड़ित हैं। इनमें ज्यादातर अश्वेत हैं। वहां सिर्फ गोरे लोगों को नहीं सताया जा रहा है। ट्रम्प ने इससे इनकार करते हुए कहा कि सिर्फ 'गोरे किसानों' को सताया जा रहा है। रामफोसा ने ट्रम्प को कतर सरकार से गिफ्ट में मिले प्लेन पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा- मुझे माफ कीजिए मेरे पास आपको देने के लिए प्लेन नहीं है, इस पर ट्रम्प ने भी उसी तरह जवाब दिया, उन्होंने कहा, 'काश आपके पास ये होता, तो मैं ले लेता।'

## राष्ट्रपति रहते ट्रम्प इस्तेमाल क्यों नहीं कर पाएंगे

# अमेरिका ने स्वीकारा कतर से गिफ्ट में मिला 3400 करोड़ का प्लेन

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

तोहफा

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ ने कल बताया कि कतर सरकार ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक बोइंग 747-8 जंबो जेट गिफ्ट में दिया है। इसे एयर फोर्स वन के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। 3400 करोड़ रुपए की कीमत वाले इस लग्जरी प्लेन को 'फ्लाइंग पैलेस' या उड़ता महल कहा जाता है। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा गिफ्ट है। ट्रम्प को इस प्लेन का इस्तेमाल करने से पहले सिक्योरिटी क्लियरेंस का इंतजार करना होगा, जिसमें 3 से 4 साल लग सकते हैं। ऐसे में मुमकिन है कि ट्रम्प राष्ट्रपति रहते इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएं।

### रिश्वत के तौर पर देखा जा रहा यह लग्जरी प्लेन



ट्रम्प ने 12 मई को व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा था कि कतर हमें एक गिफ्ट दे रहा है। अगर हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे तो हम मूर्ख इंसान होंगे। ट्रम्प का कारोबार मिडिल ईस्ट में फैला हुआ है। हाल ही में उनकी कंपनी ने कतर में एक नए गोल्फ रिसॉर्ट की घोषणा की है, जो कतर सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी के साथ साझेदारी में बन रहा है। ऐसे में इस उपहार को 'रिश्वत' या 'हितों' के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी संविधान के पारिश्रमिक खंड (एमोल्यूमेंट्स क्लॉज) के मुताबिक सरकारी पद पर बैठा कोई भी इंसान बिना कांग्रेस (संसद) की सहमति के किसी भी राजा या विदेशी राज्य से कोई गिफ्ट या उपाधि नहीं ले सकता है।

### सरकारी खजाने में जमा होते हैं विदेशी गिफ्ट

दुनियाभर के ज्यादातर देशों में विदेशी गिफ्ट को सरकारी खजाने में जमा करने का प्रोटोकॉल है। अमेरिका और भारत जैसे लोकतांत्रिक देशों में विदेशी गिफ्ट को राज्य की संपत्ति माना जाता है। जब तक सरकारी नियमों के तहत छूट न दी जाए नेता और सरकारी अधिकारी इनका निजी इस्तेमाल नहीं कर सकते। अमेरिका में 41 हजार रुपए से ज्यादा मूल्य के गिफ्ट को नेशनल आर्काइव में जमा करने का नियम है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)